ढाढी बादररो बणायो

वीरवांण

सम्पादिका

श्रीमती रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत, रावतसर

प्रकाशनकर्त्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०१७ | [illegible] शकाब्द १८८२ | ख्रिस्ताब्द १९६०

प्रथमावृत्ति १००० | | मूल्य ४.५०

[illegible]

RAJASTHAN PURATANA GRANTHMALA

PUBLISHED BY THE GOVERNMENT OF RAJASTHAN

A series devoted to the Publication of Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa, Old Rajasthani-Gujarati and Old Hindi works pertaining to India in general and Rajasthan in particular.

*

GENERAL EDITOR

ACHARYA JINA VIJAYA MUNI, PURATATTVACHARYA

Honorary Member of the German Oriental Society, (Germany); Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona; and Vishveshvrananda Vaidic Research Institute, Hosiyarpur, Punjab; Gujrat Sahitya Sabha, Ahemdabad, Retired Honorary Director, Bharatiya Vidya Bhawan, Bombay; General Editor, Gujarat Puratattva Mandira Granthavali; Bharatiya Vidya Series; Sinhghi Jain Series etc. etc.

* *

NO. 33

VEERVANA

OF

DHADHEE BADAR

with

Introduction, Appendices, etc.

* * *

Published
Under the Orders of the Government of Rajasthan
By

The Director, Rajasthana Prachya Vidya Pratisthana
(Rajasthan Oriental Research Institute)
JODHPUR (RAJASTHAN)

V.S. 2017] [*1960 A.D.*

VEERVANA

OF

DHADHEE BADAR

★

EDITED

With introduction, appendices etc

Shreemati Rani Lakshmi Kumari Choondawat
of Rawatsar

*

Published under the orders of the Government of Rajasthan

By

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE
JODHPUR (Rajasthan)

V S 2016] [1960 A.D

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमालाके कुछ ग्रन्थ

प्रकाशित ग्रन्थ

संस्कृतभाषाग्रन्थ–१. प्रमाणमञ्जरी–तार्किकचूडामणि सर्वदेवाचार्य, मूल्य ६.०० । २. यन्त्रराजरचना–महाराजा सवाई जयसिंह, मूल्य १.७५ । ३. महर्षिकुलवैभवम्–स्व० श्रीमधुसूदन ओझा, मूल्य १०.७५ । ४. तर्कसंग्रह–पं० क्षमाकल्याण, मूल्य ३.०० । ५. कारकसम्बन्धोद्योत–पं० रभसनन्दि, मूल्य १.७५ । ६. वृत्तिदीपिका–प० मौनिकृष्ण, मूल्य २.०० । ७. शब्दरत्नप्रदीप, मूल्य २.०० । ८. कृष्णगीति–कवि सोमनाथ, मूल्य १.७५ ९ शृङ्गारहारावली–हर्षकवि, मूल्य २.७५ । १०. चक्रपाणिविजयमहाकाव्य–पं० लक्ष्मीधरभट्ट, मूल्य ३.५० । ११. राजविनोद–कवि उदयराज, मूल्य २.२५ । १२. नृत्तसंग्रह, मूल्य १.७५ । १३. नृत्यरत्नकोश, प्रथम भाग–महाराणा कुम्भकर्ण, मूल्य ३.७५ । १४. उक्तिरत्नाकर–पं० साधुसुन्दरगणि, मूल्य ४.७५ । १५. दुर्गापुष्पाञ्जलि–प० दुर्गाप्रसाद द्विवेदी, मूल्य ४.२५ । १६. कर्णकुतूहल तथा कृष्णलीलामृत–भोलानाथ, मूल्य १.५० । १७. ईश्वरविलास महाकाव्य–श्रीकृष्ण भट्ट, मूल्य ११.५० । १८. पद्यमुक्तावली–कविकलानिधि श्रीकृष्णभट्ट, मूल्य ४.०० । १९. रसदीर्घिका–विद्याराम भट्ट, मूल्य २.०० । २०. काव्यप्रकाशसङ्केत-भट्ट सोमेश्वर, भाग १, मूल्य १२.००, भाग २, मूल्य ८.२५ । २१. वस्तुरत्नकोश, अज्ञात कर्तृक, मूल्य ४.०० ।

राजस्थानी और हिन्दी भाषा ग्रन्थ–१. कान्हडदे प्रबन्ध–कवि पद्मनाभ, मूल्य १२.२५ । २. क्यामखारासा–कवि जान, मूल्य ४.७५ । ३. लावारासा–गोपालदान, मूल्य ३.७५ । ४. वांकीदासरी ख्यात–महाकवि वांकीदास, मूल्य ५.५० । ५. राजस्थानी साहित्यसंग्रह, भाग १, मूल्य २.२५ । ६. जुगल-विलास–कवि पीथल, मूल्य १.७५ । ७. कवीन्द्रकल्पलता–कवीन्द्राचार्य मूल्य २.०० । ८. भगतमाळ–चारण ब्रह्मदासजी, मूल्य १.७५ । ९. राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिरके हस्तलिखित ग्रन्थोंकी सूची, भाग १, मूल्य ७.५० । १०. राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची भाग २, मूल्य १२.०० । ११. मुहता नैणसीरी ख्यात, भाग १, मूल्य ८.५० न पै. । १२. रघुवरजसप्रकास, किसनाजी आढा, मूल्य ८-२५ न पै । १३. राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थ सूची, भाग १, मूल्य ४.५० । १४. वीरवांण, ढाढी वादर कृत, मूल्य ४.५० ।

प्रेसोंमें छप रहे ग्रन्थ

संस्कृत-भाषा-ग्रन्थ–१. त्रिपुराभारतीलघुस्तव–लघुपंडित । २. शकुनप्रदीप–लावण्यशर्मा । ३. करुणामृतप्रपा–ठक्कुर सोमेश्वर । ४. बालशिक्षा व्याकरण–ठक्कुर संग्रामसिंह ५. पदार्थरत्नमञ्जूषा–पं० कृष्णमिश्र । ६. वसन्त-विलास फागु । ७ नृत्यरत्नकोश भाग २ । ८. नन्दोपाख्यान । ९ चान्द्रव्याकरण । १० स्वयंभूछंद–स्वयभू कवि । ११. प्राकृतानंद–कवि रघुनाथ । १२. मुग्धावबोध आदि औक्तिक-सग्रह । १३ कविकौस्तुभ–प० रघुनाथ मनोहर । १४. दशकण्ठवधम्–पं० दुर्गाप्रसाद द्विवेदी । १५ भुवनेश्वरीस्तोत्र सभाष्य–पृथ्वीधराचार्य, भा. पद्मनाभ । १६ इन्द्रप्रस्थप्रबन्ध । १७ हम्मीरमहाकाव्यम्–नयचन्द्रसूरि । १८ ठक्कुर फेरू रचित रत्नपरीक्षादि ।

राजस्थानी और हिन्दीभाषा ग्रन्थ–१ मुहता नैणसीरी ख्यात, भाग २–मुंहता नैणसी । २ गोरावादल पदमिणी चऊपई–कवि हेमरतन । ३ चन्द्रवंशावली–कवि मोतीराम । ४ सुजान संवत–कवि उदयराम । ५ राजस्थानी दूहा सग्रह । ६. राठोडारी वंशावली । ७. सचित्र राजस्थानी भाषासाहित्य ग्रंथ सूची । ८. देवजी बगडावत और अन्य वार्ताएँ । ९. बगसीराम और अन्य वार्ताएँ ।

इन ग्रंथोके अतिरिक्त अनेक संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, प्राचीन राजस्थानी और हिन्दी भाषामे रचे गये ग्रंथोका संशोधन और सम्पादन किया जा रहा है ।

सञ्चालकीय वक्तव्य

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठानकी स्थापनाके साथ ही हमारी कामना रही है कि राजस्थानसे सम्बद्ध विविध भाषानिबद्ध साहित्यिक ग्रन्थोंके सग्रह और सरक्षणके साथ ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थोका प्रकाशन भी किया जाये। इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिये हमने 'राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला' का कार्य प्रारभ किया है जिसमे अब तक ३५ ग्रन्थ प्रकाशित किये जा चुके हैं।

प्रस्तुत काव्य ग्रन्थ राजस्थानी भाषामे रचित है और इतिहास प्रसिद्ध गठोड वीर वीरमजीसे सम्बद्ध है। ढाढी वादर नामक मुस्लिम कविकी यह कृति साहित्यिक और ऐतिहासिक दृष्टिसे विशेष महत्त्वपूर्ण है। वादर अर्थात् बहादुर कविने प्रस्तुत काव्यमे विपक्षियोका वर्णन भी पूर्ण निष्पक्षता और उदारतासे किया है किन्तु साहित्यिक क्षेत्रमे यह कृति प्राय उपेक्षित रही है।

इतिहास-प्रसिद्ध चूण्डावत राजवशोत्पन्न विदुषी लेखिका श्रीमती रानी लक्ष्मीकुमारीजी चूण्डावतने कुछ साहित्यिक कृतियोके साथ प्रस्तुत काव्य 'वीरवाण' हमे बताया तो हमने सहर्ष इसका प्रकाशन स्वीकार कर लिया। साहित्यिक सेवाओके कारण श्रीमती रानी चूण्डावतजीको हम धन्यवाद देते हैं। साथ ही यह आशा व्यक्त करते हैं कि राजस्थानके राजवशोसे सम्बद्ध अन्य व्यक्ति भी श्रीमती रानी चूण्डावतजीके विद्यानुरागका अनुकरण कर अपने सग्रहकी साहित्यिक रचनाओको शीघ्र ही प्रकाशमे लानेका उपक्रम करेंगे।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर
दशहरा २०१७ वि०स०

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सञ्चालक

विषय-तालिका

++++++

विषय			पृष्ठ संख्या
सञ्चालकीय वक्तव्य			१–१६
सम्पादकीय प्रस्तावना	...	...	१–६२
वीरवांण	...	...	१–३२
परिशिष्ट १	...	...	१–२६
परिशिष्ट २	...	...	१–३०
परिशिष्ट ३	...	...	१–२२
परिशिष्ट ४	...	...	१–५
परिशिष्ट ५	...	...	

भूमिका

राजस्थान बहुत प्राचीन काल से ही सुसांस्कृतिक प्रदेश रहा है। इस कथन के प्रमाण में शिल्प-स्थापत्य, संगीत, चित्रकला और साहित्य के हजारों ही उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं। साहित्य में सम्बन्धित देश की आत्मा के दर्शन होते हैं और साहित्य वास्तव में किसी देश की संस्कृति का प्रतीक एवं प्रतिनिधि कहा जा सकता है। राजस्थान भारतीय साहित्य का भण्डार है। राजस्थान में निर्मित साहित्य द्वारा भारतीय संस्कृति का उत्तम और पूर्ण रूपेण चित्रण हुआ है।

राजस्थान में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, ब्रजभाषा और खड़ी बोली आदि में प्रचुर साहित्यिक निर्माण का कार्य हुआ है। अन्य भाषाओं में थोड़ा बहुत साहित्य निर्माण होते रहने पर भी राजस्थानी भाषा में सर्वोत्कृष्ट साहित्य की रचनाएं प्रस्तुत की गई हैं। राजस्थानी भाषा वास्तव में राजस्थानियों की मातृभाषा है जिससे यह स्वाभाविक ही हुआ है कि इस भाषा में हृदयगत् भावनाओं का सजीव और सरस निरूपण हुआ है। राजस्थानी भाषा का साहित्य गद्य और पद्य दोनों में ही मिलता है। राजस्थानी साहित्य वास्तव में समुद्र की भांति गहन है जिसमें नाना प्रकार के ग्रन्थ-रत्न छिपे हुए हैं। राजस्थानी भाषा में कई वर्षों से खोज-कार्य होते रहने पर भी कई ग्रन्थ-रत्नों की जानकारी साहित्य-क्षेत्र में नहीं के समान हैं। ऐसे ही ग्रन्थ-रत्नों में "वीरवाण" की गणना भी हो सकती है।

"वीरवाण" नामक काव्य ग्रन्थ के अपर नाम 'नीसाणी वीरमजीरी," "निसाणी वीरमाणरी", "वीरमांण" और "वीरमायण" आदि भी कहे जाते। किंतु प्राप्त हस्तलिखित प्रति में "वीरवांण" नाम ही मिलता है इसलिये प्रकाशन में इसका नाम "वीरवांण" ही दिया गया है।

इस काव्य ग्रन्थ के एक से अधिक नाम प्रचलित रहने का प्रधान कारण यही ज्ञात होता है कि इस काव्य को अभी तक प्रकाशन का सुअवसर नहीं मिल सका। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि "वीरवाण" के विषय में सम्बन्धित लोगों को जानकारी नहीं रही है। वास्तव में राजस्थान के साहित्य-रसिकों और विद्वानों में "वीरवाण" की चर्चा बराबर रही है, जिसके परिणामस्वरूप इस काव्य के सम्बन्ध में यत्र तत्र थोड़ी पंक्तियां कई ग्रन्थों में प्राप्त होती हैं किन्तु उनसे काव्य और कर्ता के सम्बन्ध में बहुत ही सीमित जानकारी मिलती है।

राजस्थानी भाषा और साहित्य के विकास एवं उन्नयन में प्रायः सभी वर्गों का थोड़ा-बहुत सहयोग रहा है किन्तु इस क्षेत्र में प्रमुख कार्य चारणों, जैन साधुओं, यतियों, क्षत्रियों, रावों, मोतीसरों और ढाढ़ीयों द्वारा सम्पन्न हुआ है। अब तक ढाढ़ीयों द्वारा रचित साहित्य को विशेष महत्व नहीं दिया गया, इसका मुख्य कारण जातिगत द्वेष और रूढ़िमय विचारों से ढाढ़ीयों को निम्न कोटि का समझा जाना है। भारतीय स्वाधीनता के उपरान्त ऐसे विचारों का स्वतः उन्मूलन हो जाता है। अब सभी वर्गों के साहित्य का अनुसंधान, सम्पादन औ प्रकाशन होना चाहिये तथा साहित्यिक क्षेत्र में सबको समान रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

"वीरवाण" का कर्ता बादर अर्थात् बहादुर ढाढ़ी था जैसा कि काव्य से प्रकट होता है। राजस्थान के सुप्रसिद्ध विद्वान स्व० पं० रामकरणजी आसोपा ने "वीरवाण" के कर्ता का नाम "रामचन्द्र" बताया है[1] किन्तु बिना ठोस प्रमाणों के यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह अनिवार्य नहीं है कि साहित्य रचना का कार्य कोई विशेष वर्ग ही कर सकता है। हमारी वर्गगत उपेक्षा के कारण पता नहीं तथाकथित साहित्यकारों की कितनी रचनाएं नष्ट हो चुकी हैं और कितनी रचनाएं अभी अन्धकार में पड़ी हैं ?

चारणों की साहित्य-सेवा तो सर्व प्रसिद्ध है ही किन्तु कविरावों, मोतीसरों, नगारचियों और ढाढ़ियों का कार्य भी वीरों को काव्यमयी वाणी से प्रोत्साहित करना और अपने आश्रय-दाताओं का यश-वर्णन करना रहा है। मांगलिक अवसरों त्यौंहारों और युद्धों में सुयश का काव्यात्मक वर्णन प्रायः उपरोक्त श्रेणी के साहित्यकारों द्वारा ही होता रहा है। आज भी राजस्थान में यह शुभ परम्परा किसी न किसी प्रकार से प्रचलित है।

ढाढ़ी दमामियों और नगारचियों की श्रेणी में लिये जाते हैं तथा सारंगी अथवा सारंगी के प्रकार का एक वाद्य रबाब बजाते हैं।[2] कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन दधिमहोत्सव अथवा नन्द महोत्सव पर वैष्णव मन्दिरों में ढाढ़ी-ढाढिन का स्वांग बनाकर लोग नाचते हैं जिससे ढाढियों की प्राचीनता की जानकारी मिलती है। ढाढ़ी नीचे दिया हुआ पद्य कह कर राम जन्म के समय अपनी दिव्य मानता सिद्ध करने का प्रयत्न करते हैं—

दशरथ रे घर जनमियां, हंस ढाढ़िन मुख बोली।
अठारा करोड़ ले चौक मेलिया, काम करन को छोरी॥

मध्यकाल में मुसलमान शासकों के दबाव से कई जातियों के लोग मुसलमान हो गये थे। "वीरवाण" ग्रन्थ का कर्ता बहादुर भी मुसलमान ढाढ़ी था और इसके आश्रय दाता जोईया भी मुसलमान थे।

बादर ढाढी ने मुसलमान होते हुए भी अपने आश्रय दाता की उदारता से प्रेरित होकर शत्रु पक्ष के राठौड वीर वीरमजी का यश वर्णन भारतीय संस्कृति के अनुरूप किया है।

---

१. राजरूपक नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित, भूमिका पृष्ठ २।
२. मुर्दम सुमारी रिपोर्ट राज मारवाड़, सन् १८९१ पृ. ३६८।

इस प्रकार "वीरवाण" वास्तव में एक मुसलमान कवि की राजस्थानी भाषा में लिखित महत्वपूर्ण काव्य कृति है।

राजस्थानी काव्य-ग्रंथ "वीरवाण" में वर्णित विषय का सारांश सम्बन्धित विशेष तथ्यों सहित इस प्रकार है—प्रारंभ में कवि ने शारदा और गणपति की वंदना करते हुए वीरमजी और सम्बन्धित वीरों के विषय में यथातथ्य निरूपण करने का अपना अभिप्राय प्रकट किया है (१ । १–३) [3] कवि ने लिखा है—

सुणी जिती सारी कहूँ, लहु न झूठ लगार।
मालजेत जगमालरो, वीरम जुध विचार ॥३॥

तत्पश्चात कवि ने जोधपुर राव सलखाजी (वि० सं० १४१४–१४३१ और ई० स० १३५७-१३७४) के चारों पुत्रों की वीरता का संक्षिप्त वर्णन एक ही नीसाणी में किया है–

"सुत च्यारू सलपेसरा, कुल में किरणाला।
राजस बका राठवड़ सरीर वडाला॥

साथ लिया दल सामठा वीरत्त रूपाला।
भिड़ोया भारत भीमसा दल पारथ वाला॥

देस दसु दीस दाविया कीया धक चाला।
केवी धस गीर कदरा वप सक वडाला॥"[4]

फिर जैतसिंह जी की गुजरात पर हुई लड़ाई का वर्णन किया गया है और "माल देवजीरो समो" लिखा गया है। इस युद्ध में गुजरात के यवन शासक मुहम्मद बेगड़ा द्वारा किये गये तीजणियों के हरण के बदले में जगमाल जी द्वारा व्यापारी के वेश में चढ़ाई कर ईद के अवसर पर बादशाह की पुत्री "गींदोली" को अन्य लड़कियां सहित लाने का और अपनी "तीजणियों" को मुक्ति दिलाने का वर्णन है। फिर "रावजी मालदेवजी रो पेलो झगड़ो" लिखा गया है, जिसमें दिल्ली सुलतान और मुहम्मद बेगड़े की भीनाद पर सम्मिलित चढ़ाई और मालदेव जी की विजय का वर्णन है।

मालदेव जी के गींदोली सम्बन्धी युद्धों का वर्णन करते हुए लिखा गया है—

---

३ पहला अंक पृष्ठ का और दूसरा अंक पद्य संख्या का सूचक है।

४ राव सलखाजी के मल्लीनाथजी, जैतमलजी, वीरमजी और शोभासिंहजी नामक चार पुत्र थे (जोधपुर राज्य का इतिहास भाग १ डा. गौरीशंकरजी हीरा चन्दजी ओझा पृ १८४। जोधपुर, बीकानेर और किशनगढ़ के राठौड़ राजवंश वीरमजी से सम्बन्धित हैं। बीकानेर दुर्ग के सूर्यपोल द्वारा की प्रशस्ति और वंश-कुमार ग्रंथ पत्र ८)

"गींदोलीरी लड़ाई में झगड़ा तीन तो रावल मालदेजी आपरै लोकसुं एकला किया। झगड़ो चोथो भाटी घड़सी रावल जी वीरमदेजी कंवर जगमाल जी सोलखी माधोसिंह जी। पांचमो झगड़ो कंवर जगमालसिंह जी एकला भूतारे जोरसें कीइंयां। पांचमां झगड़ा में तीन लाख आदमी खेत पड़ीया। अठी राठोरां रा आदमीं लाख छा जांमासु आदमी हजार पचीस खेत महाराई चक्र जुद्ध हुयो।" पृ०१५

वीरवाण और उसके कर्ता के सम्बन्ध में राजस्थानी ग्रंथ में दी गई टिप्पणी महत्व-पूर्ण है जिसमें कहा गया है "मैं बादर ढ़ाढ़ी जोईया का ही हूँ सो मैंने पूछकर जैसी हकिकत सुनी वैसी काव्य में प्रकट की है। मैंने अपनी उक्ति अथवा सामर्थ्य के अनुसार रावलजी, जगमालजी और कुंवर जी रिड़मल जी के कहने से यश बनाकर सुनाया। इस युद्ध के बीस वर्ष बाद यह ग्रंथ बनाया है।"[५]

वीरमजी और जोहीयों के सम्बन्ध का वर्णन दूहा छन्द संख्या ६२ से प्रारंभ होता है। प्रारंभ में महामाया का स्मरण करते हुए लुणराव के सात पुत्रों की वीरता का वर्णन किया गया है। फिर प्रकट किया गया है कि जोहीया मावव ने एक बार मुहम्मद शाह के अशर्फियों के ऊंट लूट लिये। तब मुहम्मद शाह ने सारे, जोहियों के सिंध को दबा लेने की धमकी दी। तब जोहिये वीरमजी से मिले—

"मैसंद नै जगमाल रै, जबर वैर ओजांण।
आया सरणै जोहियां, सिंध छोडै साहिवाण॥"

दिल्ली सुलतान की सेना ने वीरमजी पर चढ़ाई की किन्तु वे जोहियों की रक्षा में तत्पर रहे। युद्ध में वीरमजी की विजय हुई जिसके लिये लिखा है:—

वीरम मालें वीरवर, अरिअण दिया उठाय।
सरब फोज पतसाहरी, पाछी गी पिछताय॥

तदुपरान्त वीरमजी और जोहियों के संघर्ष का कारण बताया गया है, कि जोहियो ने जवाद नामक सुन्दर घोड़ी की बछेरी वीरमजी के भाई मलीनाथ जी के मागने पर भी न दी।

---

५. संभव है कि सम्बन्धित पंक्तियां काव्य की प्रमाणिकता बताने के लिये क्षेपक रूप में जोड़ी गई हो। काव्य का सम्बन्ध मुख्यतः हार्दिक अभिव्यक्ति से होता है। कवि के लिये शास्त्रज्ञ अथवा उच्च शिक्षित होना आवश्यक नहीं होता। क्योंकि विद्यालय की शिक्षा का सम्बन्ध बहुधा बौद्धिक अध्ययन से ही होता है। सामान्य शिक्षित व्यक्ति भी बहुश्रुत और अपनी कला के धनी होते हैं। किन्तु वे अपनी रचनाओं को कभी कभी शुद्ध लिखने में भी असमर्थ होते हैं। ऐसी अवस्था में काव्य में समय समय पर परिवर्तन होते रहते है। लोकप्रिय होने पर काव्य प्रायः मौखिक ही प्रचलित हो जाते हैं। फिर ऐसे काव्य में मूल छन्दों का भुलाना और नवीन छंदों का जुड़ना असंभव नहीं होता। ऐसा प्रतित होता है कि पीछे से किसी ने वीरवांण को लिपिबद्ध कर स्पष्टीकरण के लिये गद्यांश जोड़ दिये हैं।

मलीनाथ मागी मुपा, साकुर माले समाव ।
जका न दीधी जोहिया, उणसु त्रधी उपाध ॥

मलीनाथजी ने मधु जोहिया को रुपया आदि का लालच दिया साथ ही दला ने भी समझाया किन्तु मधु नही माना । तब धोखे से जोहिया को मारने की योजना बनी —

मारै लेसु माल, साकुर पण लेसु सरब ।
जोया पर जगमाल, रचै मूक उण रात रो ॥

एक बुढिया मालिन ने जोहियों को इस "चूक" की सूचना दी जिसका सरस वर्णन इस प्रकार किया गया है—

मालण नै नितरी मोहर, दलो दिरातो दान ।
चूक तणी चरचा चली, आई मालण कान ॥
जद उण मालण जाणीयो, दलै दियो बहु दान ।
मीलू उणरो मीलणों, कथ आ घालू कान ॥
डिगती डिगती डोकरी, पूगी दलै पास ।
दला चूक ता पर दुम्हल, नात सके तो नास ॥
तलगाडै थाणा तठै, सावै वदन सात ।
वीरा था पर वाजसी, रुक झडी अधरात ॥

राठौडों द्वारा होने वाली "चूक" का समाचार जान कर दला ने अपने परिवारों को रवाना कर दिया —

दलै कबिला टेम नै, बाहिरज कीधा वेग ।
साथै वदन सात ही, तिके उरसरी तेग ॥

अब राठाडा और जोहिया, दोनों ही दलों की ओर से युद्ध की तैयारी होने लगी । इसी समय दिल्ली बादशाह कुतबद्दीन की सेवा में जाने वाले तीस अशर्फिया के ऊटा को वीरमजी ने लूट लिया —

ऊटा तीसा ऊपर असरफीया आवै ।
मा मेलो पतसाह के जोगणपुर जावै ॥
पैमकसी पतसाहरै पतसाह पुगावै ।
मिलीया वीरम मारगा अस लीया आवै ॥
मत्र मोहरा पतसाहरी लुटे लीजावै ।
मामल हुय सारा सुभट मीया फरमावै ॥
ओ धन वीरम आपरै घरमे नह मावै ।
वीरम श्री भरा थानरो पोह फेम पड़ावै ॥

बादशाही सेना से हुए युद्ध और उसम राठौड़ों की विजय का वर्णन इस प्रकार किया गया है —

चढ घोड़ा भड़ चालीया रज गेण ढकाया ।
मिलीया भारत जांगलु अथ रतरा आया ॥
मीर केइ रीण मारीया मदु मन चाया ।
काट कटकां काढ़ीया खल खेंग खपाया ॥
हुर अपछर हरप अत सुरां वर पाया ।
ग्रीधण साकण जोगणी पल पूरा पाया ॥
वीरम छोडे जांगलु साहीयांण सिधाया ।
सज जुध जोया सांपला वीरम वचवाया ॥
जद पीछा तठ पातसा धर अपणी धाया ।
दल जी कोसां दोय तक सामे ले आया ॥
सजे उमंग साहिवाण मैं वीरम व्रध वाया ।
दीध वधाई राइकां जद गोगा जाया ॥
एक महीनो आठ दिन थठ गोठां थाया ।
वैरो लप रहवास कुंदलजी दरघाया ॥
बारा गाम ज बगसीया चिता वीरम चाया ।
डांण वले उचका दिया आधा अपणाया ॥
धाडै धन धुर माफीया मांफी वैमाया ।
वीरमकुं देवण वलै लप वैरे लाया ॥

इस युद्ध से राठोड़ो की स्थिति सुदृढ़ हो गई और—

लप वैरे पैदा सलप, सपरी आवै साप ।
सापांरा उपजै सदा, लेपे रिपीया लाप ॥

राठौड़ भाई जोहियों से बदला लेने का उपाय करने लगे। एक दिन वीरमजी ने जोहियों की साढणिया छीन लीः—

दीठी वीरम हेक दिन पीती सर पांणी ।
वीरम रै सव सांढीयां निंजरां गुजराणी ॥
वीरम चित विटालिया ऊधी मत आणी ।
सात हजारु सांढीयां दिन हेक दगांणी ॥
आयर जिणरी ओठीयां कल कुकरांणी ।
दस हजार चढीया दुभल रज गैण ढकांणी ॥
मारै वीरम मेटसां करसां तुरकांणी ।
लप वैरे वीरम लियै सांढ्यां आंपांणी ॥
दोय कोसां पूगो दलो लारे लुणीयांणी ।
मानों मानों मारकां सचो सलपाणी ॥

मलिनाथ जगमाल सु तिण किसडो ताणी ।
आप तणी घर छोडके आयो आपाणी ॥
आपा मारण उठींया लप कोट लगाणी ।

कवि ने अपने आश्रयदाता दला जोया की विशेष प्रशंसा की है—

सरणाया साधार, ढलै जिसो नह देपीयो ।
वीरमरा विनपार, उवर गुना जिण जारीयो ॥

दला ने राठौड़ों से समझौते का प्रयत्न भी किया—

दल भेज प्रधान कु ए जाव अपदे ।
वीरम तुम गुना करो हम जाय पिमदे ॥
ढावो दावो ठाकरा धर पाय धरदे ।
मदु न माने माहरी कल काहे करदे ॥
हेकण जगा न मावही दोय सेर वकदे ।
हेकण म्यान न मावही दोय षाग धकदे ॥
तुम हिंदु गुना करो मुप बोलो मदे ।
दोय घर डाकण परहरे गाम वणीया हदे ॥

वीरमजी ने दला को उत्तर भेजते हुए लिखा—

आपै वीरम राठवड आगल पलावै ।
डाकण किणनै परहरै जव भूषी थावै ॥
गुण भूलो सारा दलो परवान मेलावै ।
आप प्रधान सु अपीयो वीरम वट पावै ॥
सूर उगै साइयाण मै निन थाह पलावै ।
जोया हदी नीपका पोसे ने पावै ॥
दले अरु देपाल कु नित धाह सुणावै ।
वीरम न्याय नह लही अन्याव सुहावै ॥
जोइया वडपण जाणनै कथ नीत करावै ।
पाँमे फेरू पाजरू साफरै रापवै ॥

दला के समझौते के प्रयत्न व्यर्थ हुए और वह वीरमजी की अनिति से बहुत दुखी हुआ जिसके लिए कहा गया है—

दोनु तरफारों दलो, दुप अुगनै निम दीह ।
भलीया रहे न जोइया, लोपी वीरम लीह ॥

एक दिन वीरमजी ने जोहियों की धरती पर अधिकार कर अपने "दाणी" बैठा दिये और १५ जोहिया को भी मार दिया । तब जोहियों ने राठौड़ों पर चढ़ाई कर दी ।

इसी समय वीरमजी ने एक और चाल चली। जिसका वर्णन इस प्रकार किया गया है:—

बुकणरे दोय बेटीयां गन एक नीहालै।
नाम वड़ी कसमीदे परणो देपालै॥
रांनल कंवरी राजवण अभ अछरां गालै।
सो मांगी देवराज युं कर जोड़ हतालै॥
रांनल मुझकुं राजवण भाभी परणालै।
भावज गुण भूलां नहीं धर्म पोड़ विचालै॥
कहीयो जद कसमीर दे चढ़ क्रोध अचालै।
हुं परणांसु हिंदवां तुरकां हरटालै॥
सो कुछ हिंदु हम सुणां जिसकुं परणालै।
परणांसुं सगरण करै वीरम विगनालै॥
जद पाछो कहीदो जसु आगम अपतालै।
मानै भाभी माहरो वायक सिर मालै॥
वैठी रोसै वापनै कर मुंडे कालै।

विवाह के अवसर पर हुई मारकाट का वर्णन महत्वपूर्ण है जिसमें कवि की अन्य समान कर्मवाली जातियों के प्रति उपेक्षावृत्ति की झलक मिलती है—

चारण चारण कुकतां आरण जगांणा।
वामण सुरी वासता सिर आप दिरांणा॥
भागा मुंडा भाठदां पुन दांत पिराणा।
डोफा भागा डुलड़ा झाटक झेरांणा॥
कटिया हात कमीणदा दत नेग दिरांणां।
गहणा गायणीयां तणां लुटे लिवराणां॥
केतां पात्रज कटी हातां हेरांणा।
जावै गुणीयण जीव लेकर पांचा तांणा॥
ठांवां पंथ विच एकठां मिल ठाक घतांणा।
फिर कोइ इसड़ा ज्याग मै मत पाव दिरांणा॥
सलपांणी जिसड़ा सुपह वनड़ा वरवांणा।
बुकणका घर पोहकै धन सोध लिरांणा॥
बुकण सहतां वेलीयां इक पाड़ दिरांणा।
भटीयाणीदे भागका क्या चक्र फिरांणा॥
कहं भाटी कसमीर कुं क्या फाग पिलांणा॥

दला जोहिया ने समझौते का प्रयत्न फिर भी चालू रक्खा और वीरमजी को अपने प्रधान द्वारा इस प्रकार सूचित किया—

दलैपान विचार कर परधान पठाया।
लप वरे वीरम कनै ए जाय कैवाया॥

तगड तपी पग भार सै भग वीरम आया।
आया कु आदर दिया हम लीध वधाया॥

लख वेरो रहवास कु दलजी दरवाया।
धरती चोनी गामडा सब राज समाया॥

उस मासु वीरम वनै आवा वगसाया।
डाण वलै उचका दिया आदा अपणाया॥

चोवी गाम चबुतरा कि काज वैठाया।
पोमे इक्सठ पाजरु सफरै रापाया॥

जोइया पग माडे जिती धरे नीही रहाया।
हाली रहे न जुटिया कैहर उचराया॥

मीलीया चिडीया महलै आहि जाणक आया।
जाणक डोकर पोलडै निच वाय वमाया॥

क्या तेरा अवगुण किया हम लीध नीभाय।
पायरहि दुगुण किया सब जाय भुलाया॥

वीरम जी की रानी मागलियाणी भी जिनने सातों जोहियों को अपना राखी भाई बनाया था समझौते का प्रयत्न करने लगी किन्तु उसका कोइ परिणाम न हुआ।

युद्ध का मुख्य कारण यह हुआ कि वीरमजी ने दरगाह के "फरास" पेड़ को काट डाला जिसका वर्णन करते हुए मुस्लिम कवि ने अपनी श्रद्धा इस प्रकार व्यक्त की है—

दरपत हरोपल पीरदा विच दरगह सोनै।
जोइया देस नीदेस मै जिण सामो जोवै॥

पीर प्रचाइल प्रगट दुप दालद पीवै।
राम रहिम जु एक है कबु दोय न होवै॥

नीर फरामा वाढ वाढ नपाती ढोवै।
के मुला तागा करै हुन हाका होवै॥

फरहास के कटने का समाचार सुन कर दला जोहिया को बहुत दुख हुआ और उसने एक दिन जाकर वीरमजी की गायों को घेर लिया—

जेज न कीधी जोइया, घेरी जायर गाय।
सुण वीरम ग्वाला सबद, लागी उर मैं लाय॥

दस हजार जोया दुग्गल, कटठ सारा कोट।
ढाला अगा चालणा, ढाला करै न ओट॥

जोहियों द्वारा गायें घेर लेने पर वीरमजी ने भी विलंब नहीं किया और वे युद्ध के लिये चलने लगे। मागलियाणी ने उनको समझाया मैं भाई को समाचार भेजती हूँ वह अवश्य ही प्रातः काल गायें लौटा देगा।

वीरमजी ने मागलियाणी राणी को उत्तर दिया कि लखवेरं की सीमा से जोइये मेरी गायो को लेकर जीवित नहीं जा सकते और यदि मैं तुम्हारे कहने से चुप बैठुंगा तो वे समझेंगे कि राठौड़ कायर हैं। ऐसी अवस्था में मेरा आलस्य कर बैठना असंभव है—

फणधर छांडै फणद सुं न भार संभावै।
अरक पिछम दिस उगवै विधि वेद विलावै॥
विग घटै वींहगेस को सिव ध्यान भुलावै।
गोरख भूलै ग्यांन कुं जत लिछमण जावै॥
सत छाडै सीता सती हणमंत घबरावै।
धणीयां धाडेता तणीकी पबरां पावै॥
हुं सुंक कर बेठु घरे जग उलटो जावै॥

वीरमजी दो हजार सवारो को साथ ले जोइयों पर चढाई करने के लिये तैयार हो गये। इधर जोहीये दस हजार सवारों सहित युद्ध के लिये तैयार हुए। काव्य में युद्ध के प्रारंभिक वातावरण को सफलता पूर्वक अंकित किया गया है। भूत, प्रेत जोगिनी, गिद्ध आदि का युद्ध भूमि में आना, वीरो की हुंकार आदि का वर्णन वीर रस के अनुरूप हुआ है। वीरम ने सर्व प्रथम तलवार चलाकर ६५ जोहियो को मार गिराया। फिर वीरम और मदु के बीच भयकर युद्ध हुआ। दोनो घायल हो गये। कवि ने पुनः वीरमजी की वीरता का बखान करते हुए लिखा है—

लोप भवर गिर लंकरो कुण जावै वारै।
आभ भुजां कुण ओढ मै कुण सायर जारै॥
मिणधर दे मुप अगुली मिण कवण लिवारै।
सिंह पटा भर सांप हो कुंण मैंड पघारै॥
तेरु कुण सायर तिरै जमकुं कुण मारै।
वाद करै रिण वीरमो नर कोण वकारै॥
मदु तो विन मारको कुंण आसग धारै।

दोनों ओर के युद्ध का सजीव वर्णन करते हुए कवि ने बताया है कि अन्त में वीर और मदु दोनों ही युद्ध भूमि में मर कर सो गये। कवि कहता है—

अंग वीरमरै ओपीया, घाव एक सो दोय।
अंग मदुरै उपरा, गिणती चढै न कोय॥

तदुपरान्त कवि ने दोनों दलों की ओर से वीर गति प्राप्त करने वाले योद्धाओं के नाम दिये हैं—

निसाणी

पडीया वीरम पापली सग टतरा सुरा ।
सोलपी मावो सुभट पडपेत सनुरा ॥
पडीयो चायल सेंसमल पल कर भप भूरा ।
भीम पडे रिण सापलो तन कर चक चूरा ॥
टोलो पड मोयल दुभल पत्रवट नट पोर ।
हजूरी वनी पडे टोयण दल टोर ॥
पडोयो आहेडी पनो भडीयो पग भोर ।
साणी पड पाणक सुभट कीर मर तन कोर ॥
मागलीयो मगलो पडे जग सारो जाणै ।
महुन टोय पड मूरमा पापर हय पाणै ॥
वीरम मग गीठीया विहृद तद ऊची ताणै ।
अछरा नर पोहता इता अग बैठ निमाणे ॥

॥ दूहा ॥

सोडा हाडा सिसोदा, पडभाना अरु गोड़ ।
चानडा तुर चवाण पड, रिण पडीया राठोड ॥

जोहिया की ओर से मार गये योद्धाओ का वर्णन इस प्रकार किया गया है—

जसु रिण मे जुभीया कर जोम हमला ।
मदु जैल रिण रहे भड तेगा भना ॥
घट फूटा देपालगा धुडले नर चला ।
दोय महस जोया दुभन हुरा मग हला ॥
चढीया टोली चारसे गिरगे गननला ।
सन आया माहो नाणमे दर अला अला ॥
दलो कहै मै परजीया मानी नर कोई ।
वीरमसु जुध वानने मन सेन कराई ॥
मार वीरम रिण मुवा भड न्याम्द भाई ।
धूड थलोइण धाटने जो कीधी मो पाई ॥

वीरमजी के पाँच पुत्र थे, (१) चूंडा, (२) सत्ता, (३) गोगादेव, (४) देवराज और (५) विजय राज।[१]

उपरोक्त युद्ध के पश्चात् कवि ने चूण्डा के प्रसङ्ग में लिखा है कि एक समय चूंड़ा सोया हुआ था। तब उस पर सर्प ने अपने फण की छाया की। तब पास ही खड़े बारहठ आला ने जाना कि चूण्डा वास्तव में कोई छत्रपति राजा है। फिर चूण्डा द्वारा घास की गाड़ियो में सैनिक छिपा कर मंडोवर गढ़ में ले जाने और गढ़ पर अधिकार करने का वर्णन है।

तदुपरान्त गोगादेव द्वारा दला जोहिया से युद्ध कर वीरमजी का बदला लेने का वर्णन है। चूण्डा जी ने गोगादेव से कहा कि "मैं तो मामे को मारूंगा नही सो तुम ही युद्ध करो।"

गोगा देव ने पाच सौ सवारो को साथ लेकर दला जोहिया पर चढाई की और दला को मार दिया।

दला के मारे जाने का समाचार पूंगल पहुँचाया गया। समाचार प्राप्त कर लुणियाणी जोहीयो ने क्रोधित होकर गोगादेव पर चढाई की। युद्ध मे गोगादेव ने वीरता पूर्वक युद्ध किया और अन्त में वीरगति प्राप्त की जिसके लिये कवि ने लिखा है--

हुय सिद्ध दसमो हालीयो संग नाथ जलंधर ॥

अन्त में कवि ने "चितहलोल" गीत में गोगादेव की प्रशंसा करते हुए और काव्य की छन्द-संख्या बताते हुए अपने काव्य को पूर्ण किया है।[२]

'वीरवाण' में ऐतिहासिक घटनाओ का यथा तथ्य चित्रण करने का प्रयत्न किया गया है जिससे हम इसको ऐतिहासिक काव्य मान सकते हैं। प्राचीन काल में प्रत्येक विषय के लिये पद्य को प्रधानता दी गई है और गद्य को प्रायः उपेक्षित किया गया है। यो अपवाद स्वरूप राजस्थानी भाषा में गद्य भी प्रचुर मात्रा मे मिलता है। हजारो ही वार्ताएं, ख्यात, विगत और पीढ़िया आदि राजस्थानी गद्य के अनूठे उदाहरण हैं। ऐतिहासिक घटनाओं के यथा तथ्य चित्रण की ओर रहता है। प्राचीन काल में कई कवि इतिहासकार भी रहे हैं। ऐसी अवस्था में इतिहास के आगे काव्यत्व की प्रायः उपेक्षा हुई है और ऐतिहासिक पद्यों में काव्यत्व नाम मात्र को ही मिलता है। किन्तु "वीरवाण" के लिये ऐसा नहीं कहा जा सकता।

"वीरवाण" में ऐतिहासिक घटनाओ का यथा तथ्य निरूपण किया गया है। साथ ही मार्मिक प्रसङ्गो के अनुकूल भावनापूर्ण काव्यात्मक अभिव्यक्ति भी हुई है। काव्य में वर्णित प्रमुख घटनाए निम्नलिखित हैं--

---

(१) मुहणोत नैणसी री ख्यात भाग २ (का० ना० प्र० सभा) पृ० ८७। कवि राजा बांकीदासजी ने वीरमजी के पुत्र ६ माने हैं--

गोगादे १, देवराज २, जैसिंघ ३, वीजो ४, चुण्डा ५ व पाची ६। देखिये बांकीदासरी ख्यात, वार्ता सं० ५२ पृष्ठ ६, राजस्थान पुरातत्व मन्दिर जयपुर।

(२) गोगादेव राठोड़ और सम्बन्धित विषयों में प्राप्त आदेश पर ज्ञातव्य परिशिष्ट में दिये गये हैं।

(१) जैतसिंह री झगड़ो—जैतसिंह द्वारा गुजरात के परमारों पर आक्रमण कर राजधरा पर अधिकार करना।

(२) मालदेजी री समो—अहमदाबाद के मुहम्मद बेगडा से युद्ध कर गीन्दोली का हरण करना। इसमें पांच झगड़ों अर्थात् युद्धों का वर्णन है।

(३) वीरम जी और जोहिया का युद्ध जिसमें वीरमजी और जोहिया के सम्बन्ध, युद्ध के कारण, युद्ध का वर्णन और युद्ध के परिणाम दिये गये हैं। इसी प्रसङ्ग में दिल्ली बादशाह के अशर्फियों से लदे ऊंटों की राठौड़ों द्वारा हुई लूट और युद्ध का वर्णन भी दिया गया है।

(४) वीरमजी के पुत्र चूण्डा द्वारा मण्डोवर पर अधिकार करना।

(५) वीरमजी के एक पुत्र गोगादेव द्वारा जोहियों से युद्ध कर वीरमजी की मृत्यु का बदला लेने और वीर गति प्राप्त करने का वर्णन।

उपरोक्त पांचों ही घटनाएं इतिहास प्रसिद्ध हैं और सम्बन्धित ग्रन्थों से प्रमाणित होती हैं। विशेष प्रमाणों के अभाव में इन घटनाओं को अनैतिहासिक नहीं ठहराया जा सकता। अन्य इतिहास ग्रन्थों से भी किसी न किसी रूप में सम्बन्धित घटनाओं का समर्थन होता है। सम्बन्धित विषय में प्रमुख इतिहासकारों के मत इस प्रकार हैं—

स्व० डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

मुहणोत नैणसी लिखता है—'वीरम महेवे के पास गुढा (ठिकाना) बांध कर रहता था। महेवा में खून कर कोई अपराधी वीरमदेव के गुढे में शरण लेता तो वह उसे अपने पास रख लेता। एक समय जोहिया दल्ला भाइयों से लड़कर गुजरात में चाकरी करने चला गया, जहां रहते समय उसने अपना विवाह कर लिया। कुछ दिनों बाद वह वहां से अपनी स्त्री सहित स्वदेश की तरफ लौटा। मार्ग में महेवे पहुँच कर वह एक कुम्हारी के घर ठहरा और एक नाई से बुलवाकर अपने बाल बनवाये। नाई ने उसके पास अच्छी घोड़ी, सुन्दर स्त्री और बहुत सा धन देखा तो तुरन्त जाकर इसकी खबर जगमाल को दी। अनन्तर जगमाल की आज्ञानुसार उसके गुप्तचर कुम्हारी के घर जाकर सब कुछ देख भाल आये। कुम्हारी ने इसका पता पा दल्ला से कहा कि तुम पर चूक होने वाली है। फिर दल्ला का मार्ग पूछे जाने पर उसने उसे वीरम के पास जाने की सलाह दी। तदनुसार दल्ला अविलम्ब स्त्री सहित वीरम के गुढे में जा पहुंचा। पांच सात दिन तक वीरम ने दल्ला को अपने पास रखा और उसकी मान मनुहार की। विदा होते समय दल्ला ने कहा कि वीरम, आज का शुभ दिन मुझे तुम्हारे प्रताप से मिला है। जो तुम भी कभी मेरे यहां आओगे तो चाकरी में पहुंचूंगा मैं तुम्हारा राजपूत हूं। वीरम ने कुशलतापूर्वक उसे उसके घर पहुंचवा दिया।

"माला के पुत्रों और वीरमदेव में सदा झगड़ा होता रहता था, (अतएव) वह (वीरम) महेवे का परित्याग कर जैसलमेर गया वहां भी वह ठहर न सका और पीछा आया तथा गावों को लूटने और धरती का बिगाड़ करने लगा। कुछ दिनों बाद वहां का रहना भी कठिन जान वह जागलू में ऊदा मूलावत के पास पहुंचा। ऊदा ने कहा कि वीरम, मुझमें इतनी सामर्थ्य नहीं, कि तुम्हें अपने पास रख सकूं, अतएव आगे जाओ। तुमने नागौर को उजाड़ दिया है, यदि उधर का खान आवेगा तो मैं उसे रोक दूंगा। तब वीरमदेव जोहियावाटी में चला गया। पीछे से नागोर के खान ने चढाई कर जागलू को घेर लिया, जिस पर गढ़ के द्वार बन्द कर ऊदा भीतर बैठ रहा। खान के कहलाने पर ऊदा उससे मिलने गया, जहां वह बन्दी कर लिया गया। खान ने उससे वीरम का पता पूछा, पर उसने बताने से इन्कार कर दिया। इस पर उसकी माता से पुछवाया गया, पर वह भी डिगी नहीं। दोनों की दृढ़ता से प्रसन्न होकर खान ने ऊदा को मुक्त कर दिया और वीरम का अपराध भी क्षमा कर दिया।

'वीरम के जोहियों के पास पहुंचने पर उन्होंने उसका बड़ा आदर-सत्कार किया और दाण में उसका बिस्वा (भाग) नियत कर दिया। तब वीरम के कामदार कभी-कभी सारा का सारा दाण उगाहने लगे। यदि कोई नाहर वीरम की एक बकरी मारे तो यह कह कर कि नाहर जोहियों का है वे बदले में ११ बकरियां ले लेते थे। एक बार ऐसा हुआ कि आसीरिया भाटी बुक्कण को, जो जोहियों का मामा व बादशाह का साला था और अपने भाई सहित दिल्ली में रहता था, बादशाह ने मुसलमान बनाना चाहा। इस पर वह भाग कर जोहियों के पास जा रहा। उसके पास बादशाह के घर का बहुत सा माल और वस्त्राभूषण आदि थे। गोठ जीमने के बहाने उसके घर जाकर वीरम ने उसे मार डाला और उसका माल असबाब तथा घोड़े आदि ले लिये। इससे जोहियों के मन में उसकी तरफ से शंका हो गई। इसके पांच - सात दिन बाद ही वीरम ने ढोल बनाने के लिए एक फरास का पेड कटवा डाला। इसकी पुकार भी जोहियों के पास पहुंची पर वे चुप्पी साध गये। एक दिन दल्ला जोहिये को ही मारने का विचार कर वीरम ने उसे बुलाया। दल्ला खरसल (एक प्रकार की छोटी हल्की बैल गाड़ी) पर बैठ कर आया, जिसके एक घोड़ा और एक बैल जुता हुआ था। वीरम की स्त्री मांगलियाणी ने दल्ला को अपना भाई बनाया था। चूक का पता लगते ही उसने दल्ला को इसका इशारा कर दिया। इस पर जंगल जाने का बहाना कर दल्ला खरसल पर चढ़कर घर की तरफ चल दिया। कुछ दूर पहुंच कर खरसल को तो उसने छोड़ दिया और घोडे पर सवार होकर घर पहुंचा। वीरम जब राजपूतों सहित वहां पहुंचा उस समय दल्ला जा चुका था। दूसरे दिन ही जोहियों ने एकत्र होकर वीरम की गायों को घेरा। इसकी खबर मिलने पर वीरम ने जाकर उनसे लडाई की। वीरम और दयाल[1] परस्पर भिड़े। वीरम ने उसे मार तो लिया पर जीता वह भी न बचा और खेत रहा। वीरम के साथी गांव बडेरण से उसकी ठकुराणी (भटियाणी) को लेकर निकले। धाय को अपने

(१) मुंहणोत नैणसी का पूर्ण वक्तव्य परिशिष्ट में दिया गया है।

एक वर्ष के पुत्र चूण्डा को आल्हा चारण के पास पहुँचाने का आदेश दे वह राणी मागलियाणी सहित सती हो गइ ।

(जोधपुर राज्य का इतिहास प्रथम खण्ड, पृष्ठ १६३)

श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ

"यह सलखाजी के पुत्र और रावल मल्लिनाथजी के छोटे भाई थे । यद्यपि मल्लिनाथ जी ने इन्हें खेड की जागीर दी थी, तथापि जोहिया दला की रक्षा करने के कारण इनके और मल्लीनाथजी के बीच झगडा उठ खडा हुआ । इससे इन्हें खेड छोड देना पडा । वहा से पहले तो यह सेतरावा की तरफ गए और फिर चूटीसरा में जाकर कुछ दिन रहे । परन्तु वहा पर भी घटनावश एक काफिले को लूट लेने के कारण शाही फौज ने इन पर चढाई की । इस पर यह जागलू में साखला ऊदा के पास चले गये । इसकी सूचना मिलने पर जब बादशाही सेना ने वहा भी इनका पीछा किया, तब यह जोहियों के पास जा रहे । जोहियों के मुखिया कल्चा ने भी इनकी पहले दी हुइ सहायता का स्मरण कर इनके सत्कार का पूरा पूरा प्रबन्ध कर दिया । परन्तु कुछ ही दिनों में इनके और जोहिया के बीच झगडा हो गया । इसी में वि० स १४४० (ई० स० १३८३) में यह लखवेरा गाव के पास वीरगति को प्राप्त हुए । विरमजी के पाच पुत्र थे १ देवराज, २ चूडा, ३ जैसिह, ४ विजा और ५ गोगादेव ।

(मारवाड का इतिहास प्रथम खण्ड)

"वीरवाण की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें कवि ने मुसलमान होते हुए भी धार्मिक उदारता का परिचय दिया है । जोहिया मुसलमानों की सहनशीलता का परिचय भी प्रस्तुत काव्य द्वारा प्राप्त होता है । जोहिया ने वास्तव में वीरमजी और उनके साथियों की हठधर्मा पूर्ण कामा और अपराधो से विवश होकर ही युद्ध किया था । फिर वीरमजी की रानी मागलियाणी ने जोहिया मुसलमानो को अपना राखीबन्ध भाइ बनाया तो दोनो ही पक्षों ने अपने उच्च सम्बन्धो का निर्वाह किया । यहा तक कि चूण्डाजी भी अपने मामा पर तलवार चलाने के लिये नही तैयार होते हैं और गोगादेवजी को वीरमजी का बदला लेने के लिये भेजते हैं ।

"वीरवाण" में वीररस का उत्कृष्ट निरूपण हुआ है । 'वीरवाण" वास्तव में वीर रस प्रधान काव्य है और इसमें आलबन, उद्दीपन, स्थाइ एव सचारी भावों का विस्तृत वर्णन हुआ है । युद्ध के कारण मध्य युगीन परिस्थितियों के सर्वथा अनुरूप हैं जैसे स्त्री हरण, मार्ग में जाते हुए धन का लूटना, घोडा ऊटो और गायों को घेरना, धार्मिक भावनाओं पर आघात करना आदि । युद्ध का वर्णन तो कवि कल्पना और ओझ से ओतप्रोत हुआ है ।

'वीरवाण' की तीसरी विशेषता कथा वस्तु का सुसगठित होना है । काव्य सम्बन्धी प्रत्येक घटना पिछली घटनाओ से जुडी हुइ है और वीरमजी तथा जोहियों के युद्ध में सघष चरम सीमा पर पहुँचता है । सघर्ष का अन्त गोगादेव द्वारा जोहियो से बदला लेने से होता है और यही काव्य पूर्ण भी होता है । इस प्रकार काव्य की कथा वस्तु भी पूर्ण सगठित है ।

'वीरवाण' की भाषा राजस्थानी है । 'वीरवाण' की भाषा पूर्ण रूपेण परिमार्जित नहीं होते हुए भी विषय के अनुरूप ओजपूर्ण है । भाषा में कइ स्थलों पर पजाबी प्रभाव भी

झलकता है। पंजाबी की "दा" "दी" विभक्तियों का प्रयोग "रा" "री" के स्थान पर कई बार हुआ है। बहादुर ढाढ़ी का शास्त्रीय अध्ययन नहीं ज्ञात होता है और इसलिये भाषा दोष और छन्द दोष भी कई स्थानों पर मिल जाते हैं।

'वीरवाण' में राजस्थानी काव्य के प्रिय अलंकार 'वैण सगाई" का सफल प्रयोग भी कई छन्दों में किया गया है।

राजस्थान में ढाढी कवियों ने नीसाणी और दूहा छन्दों को अधिक अपनाया है। इतिवृत्तात्मक वर्णन के लिये निसाणी, चौपाई और दूहा छन्द सर्वथा उपयुक्त रहते हैं। इसलिये 'वीरवाण' में भी नीसाणी और दूहों का प्रयोग किया गया है। कवि के शास्त्रीय अज्ञान अथवा प्रतिलिपि कर्ता के अज्ञान से कई छन्दों में मात्रा दोष भी वर्तमान है। काव्य के अन्त में एक गीत चितहिलोल है और यह काव्य कला का अनुपम उदाहरण है।

पद्य के साथ गद्य का प्रयोग कई राजस्थानी ग्रन्थों में मिलता है। राजस्थानी वार्ताओं और ख्यातो मे गद्य की प्रधानता होती है तथा पद्य का प्रयोग न्यून होता है। इसी प्रकार कुछ राजस्थानी काव्यो में कहीं-कहीं गद्य भी मिल जाता है। विषय के स्पष्टीकरण के लिये 'वीरवाण' में कही कही गद्य की कुछ पंक्तिया मिल जाती हैं। 'वीरवांण' में प्रयुक्त राजस्थानी गद्य पूर्ण परिमार्जित हैं और इसमें पद्य की तरह तुक मिलाने की प्रवत्ति भी दिखाई देती है।

'वीरवाण' का कर्ता स्व० पं० रामकरणजी आसोपा के लेखानुसार रामचन्द्र नहीं ज्ञात होता जैसा कि उन्होंने स्व० सम्पादित राजरूपक भूमिका में प्रकट किया है। 'वीरवांण' का कर्ता बादर अर्थात् बहादुर ढाढ़ी था। ढाढी भी हिन्दु नहीं वरन् मुसलमान ढ़ाढ़ी था जैसा कि हिन्दुओं के लिये किये गये उसके काफिर शब्द-प्रयोग से ज्ञात होता है। कवि के आश्रय दाता भी मुसलमान जोहिये थे और कवि ने अपने आश्रय दाता और इस्लाम धर्म के लिये बहुत ही आदर सूचक प्रयोग स्थान स्थान पर किये हैं।

वास्तव में 'वीरवाण' सम्बन्धित इतिहास के लिये एक आधारग्रन्थ है। 'वीरवांण' काव्य का कर्ता ढ़ाढ़ी बादर सम्बन्धित कई घटनाओं का प्रत्यक्षदर्शी, निष्पक्ष, उदार और काव्य-कला निपुण व्यक्ति ज्ञात होता है। ग्रन्थ की ऐतिहासिक और काव्यात्मक उपयोगिता समझ कर ही हमने अपनी नवीन खोज में प्राप्त तथा सम्बन्धित घटनाओं पर आधारित आढ़ा पाड़खान जी रो रूपक, गोगादेव जी रो, वीरमदेवजी री बात, चूण्डाजी री बात, गोगादेवजी री वात आदि और मुहणोत नैणसी का पूरा वक्तव्य परिशिष्ट में दिये हैं। साथ ही ग्रन्थ के परिशिष्ट में देवगढ़ से प्राप्त 'वीरवाण' की एक अन्य प्रति के पाठान्तर और काव्य-सम्बन्धी कठिन राजस्थानी शब्दों के हिन्दी अर्थ भी दे दिये हैं। वीरवाण की एक प्रति हमें श्री मागीलाल व्यास, जोधपुर से देखने को मिली किन्तु इसका पाठ नितान्त अशुद्ध होने से हम इसका उपयोग नही कर सके।

अन्त में मै "राजस्थान ओरिन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट" के संमान्य संचालक आदरणीय मुनि श्री जिन विजयजी महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करती हूं जिन्होंने प्रस्तुत उत्कृष्ट काव्य के सम्पादन और प्रकाशन के लिये प्रेरणा दी है।

लक्ष्मी निवास काटेज,
बनी पार्क, जयपुर
श्रावणी तीज, सं० २०१४ वि०

लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत

ढाढी बादररो वणायो

वीरवांण

॥ श्री गणेशाय नम । श्री सारदाय नम ॥
॥ श्री मालाजी । श्री रामचन्द्राय नम ॥

अथ ग्रथ वीरवाण ढाढी बादररो वणायो लिषते ।
रावजी श्री सलषेजीरा कवरॉ च्यारारा परवाडा लिषते ।

दूहा

सुमत समापो सारदा, आपो उकती आप ।
कमधा जस बरनन करू, तुझ महर परताप ॥ १

समरू गणपत सरसती, पाण जोड लग पाय ।
गाउ हु सनपाणीया, विध विध सुजस बणाय ॥ २

सुणी जिती सारी कहू, लहू न भूठ लिगार ।
मानजंत जगमालरो, वीरम जुध विचार ॥ ३

राज समानो नगरमें, सोभत जैत सरीयाण ।
थान पेड वीरम थपे, जगजाहर घण जाण ॥ ४

मालदेजी जैतसींघजीरो वीरमदे जिसोघतजीरो राज-वरनन

नीसाणी

सुत च्यारूं सलपेमरा कुलमैं किरणाला ।
राजस वंका राठवड वरवीर वडाला ।।
साथ लियां दल सामठा वीरदाँ रुखवाला ।
भिड़िया भारत भीमसा दल पारथ वाळा ।।
देस दमु दीस दाविया कीदा धकचाळा ।
केवि धस गीर कंदरा वपसंक वड़ाळा ।। १

जैतसींघरो झगड़ो लिखंते

जैत चढ़े गुजरातकुं सामान मझाया ।
पमंग लिया संग पांचसै चड पुर चलाया ।
सामत चढ़िया सूरमा राडधरैं आया ।
चित उजल चोगानमैं तंवु तणवाया ।
अपैनंदैं मीलणका मनसोभा थाया ।। २

वीसैं विधविध वरजिया मत जावो भाई ।
देस दिपाया जैतकुं आ कुवद कमाई ।।
गोयल पेड गमाडीया उंणहुंत सवाई ।
धर जासी घर लुटसी कर जेज न काई ।। ३

वीसैं वरज्या नह रेया थट भेळा थाया ।
अपानंदा एकठा उठ डैरै आया ।
हुकमज दीयो हजूरियां लप दारू लाया ।
चळु करंता चूक ह्वी अरी काट उड़ाया ।
जैत कमंधज जेण दीन धर श्रोण धपाया ।
पमांरां धर पालटी धर जैतल पाया ।
गांवां अठचालीस सै राड़धरा आया ।। ४

दूहा

राडघरो कायम कीयो, नरनामी नप तंत ।
मेली रावळ मालनै, जवर वधाई जैत ॥ ५

नीसाणी

लगर लपु लार वैह दळ पार न पाई ।
मालवीयो बलगाव है जैचद वीजाई ॥
राज करै धूम रीतसो वध नीत सवाई ।
घर घर आणद है घणा थित मगल थाई ॥
मैहपत रावल मालरी प्रज फूला छाई ।
मडलीका ज्यु मालदे वका वरदाई ॥ ५

इण रीत रावल मालदेजी गुडै नगर राज करै जठा दिनां ममीपाणेसु रावल जैतमीजी इडर गुजरातनै चडीया । जाय गडघड उतरीया । जठै अपारै दोनु कोटडीया जाय राडरै पमारान आदमी सावनमु मारनै राडघरो लीनो तैरी रा सपूरण ।

मालदेजीरो ममो लिपतै

दूहा

भाया परधाना भडा, दळवळ अथग दुभाल ।
कीधो उद्दर कामती, मीण धर गवळ माल ॥ ६

रावल मालो राजवी, राज करै धुग रूप ।
वाग हरचदरा वहै, सागे मगर सरूप ॥ ७

वीरम भाई वाकडो, ज्यू वेटो जगमाल ।
रतन भाव न्यावा दुनी, साह उगरा माल ॥ ८

तबेलै मानह तणै पाणी पथा पमग ।
मारा रगरह सूरमा, वे अरावार उमग ॥ ९

हीरा दिरा मणीयर नीलो, दूजो नारी देस ।
घर घर व्यावे घोरीया, नदै नीठिग वेम ॥ १०

पड़ मांहि नाही पड़ै, घाट ईसै घोड़ांह ।
भड़ चढीया अत सोभ दै, ऐस आ घोड़ाह ॥ ११

नग धर मीणीय नीपजै, कोड़ीधर केकांण ।
मैहमंद लेवण मेलीयो, मरवण षान पठांण ॥ १२

सिणलागर सागर समै, भरीया नीर तळाव ।
किलमां आय डेरा किया, सोदागरां सुभाव ॥ १३

तीजणियां दिन तीजरै, सजे साज सिणगार ।
हीडे आई हीडवां, अपछररै उणियार ॥ १४

अरक तणो पण आथमण, मेह अंधारी रात ।
तीजणीयां लेगा तुरक, घोड़ां ऊपर घात ॥ १५

वोले बामण बाणियां, मालहुंत कह बात ।
तीज तणै मग रैंत दिन, सुत मम लेगा सात ॥ १६

जिण कारण मेले जगो, छाने हेरा च्यार ।
मांडळरी धर मेलीया, वालण वैर विचार ॥ १७

कंवरहुंत हेरु कहै, धुर सुण धणीयांह ।
माडळपुर मैहमंद घर, वैठी तीजणीयांह ॥ १८

मैहमॅदसारी डीकरी, गीदोलीरे साथ ।
मैह जीता आवै मुकर, जमैरातरी जात ॥ १९

कंवरजी जगमालजी मांडवैसु तीजणीयां लावण नै वा गींदोली लाया वो समो लिषंते

नीसांणी

कथ हेरुकी सुण कंवर कमरां कसवाणी ।
भड चंगा लीधा भला तग पैगां ताणी ॥

भुज पारथ ऋन भीम सा ऐहडा आपाणी ।
,पाव वाव पप राव सा अम पथा पाणी ॥
सुभटा वीसी सातमु चढीयो मालाणी ।
पूगा दिना दसमे प्रथम माडलगढ आणी ॥
कहियो मैं वदगी करा आगल उचराणी ।
डेरो कर वेरो दियो जगमाल मालाणी ॥
तीजणीया सव आवजो पूजण पीराणी ।
कल मैहमदरै इदरौ मेळो मडवाणी ॥
आय हुई सव एकठी कथ जेम कहाणी ।
वेलि वा पुकारिया जगमल मालाणी ॥
ऐ तीजणीया एकठी आई आपाणी ।
सजो सुभटा सूरमा किम जेज कराणी ॥
आ कहता भड ऊठीया वीरा दवी राणी ।
ज्यु मृग डार ज ऊपरै चीता मलफाणी ॥
तुरगा चाढी तीजण्या हुव कुक हुवाणी ।
सापूत वेटी साहरी जगमालै जाणी ॥
गीदोली करसु ग्रहे हय पीठी चढाणी ।
लेगो ज्युही लावीयो जगमाल मालाणी ॥
चावळ कमधा चाढीया जसडा कव जाणी ।
कूक गई मैहमदके जग सारै जाणी ।
डळ मीणीयर कर ऊजळो तीजणीया आणी ॥ ६

दूहा

दी छाने जगमालनै, मैंमदमा फरमाम ।
दीनी गींदोली देऊ, जूनागढरो वास ॥ २०

हु मैंमदसा वेगडो, गोरीसाह दुभाल ।
॥ २१

....।
राज गीदोली राषीयां, मरजासो माहाराज ॥ २२

जगो महा भड़ जोरवर, भीरड़ कोट कुळभांण।
महमद गोरी साहरी, कंमध न मानी कांण ॥ २३

बैर सताबी बालीयो, सत्रवां उर साल ।
जिणरै उछबरो जबर, मेळो रचियो माल ॥ २४

मैलै रावल मालरै, आया इसड़ा पीर ।
जांणक चौसठ जोगणी संग लै बावन वीर ॥ २५

आया कितायक अवलिया, बड़ा बड़ा दरवेस ।
पाचांही पडवां जिसा, उमियां सेत महेस ॥ २६

जैसळ नै तोली जिसा, सबै आवीया साथ ।
आइ तषत बैठाविया, निकलंक हुआ सुनाथ ॥ २७

दरसण आया देवता, सिध साधक ले साथ ।
चौरासी पीरा सहत, नवही आया नाथ ॥ २८

राणी रूपादे जिसि, सापूत जिका सकत ।
धारु जिसडा उण घरे, भव भव तणा भगत ॥ २९

मेलै रावळ मालरै, रचीयौ सतजुग राह ।
वेरो देवण भीरड़ गढ, चढ़ आया पतसाह ॥ ३०

नीसांणी

दिलीसु चढी आया दुझल गोरी सुलताणा ।
माडलगढ मैहमद चढ, षांमद षुरसाणा ॥
सांतु लोपी सायरा मिलपा जजलांणा ।
इण विध मैहमंद आवीयो सझ दल घमसाणा ॥

हजरत वेहु भेळा हुआ पूरव पिछमाणा।
हे वेहु घर मोटा वोहत छोटा रहमाणा ॥
पोज गमावण पूनीया जोडै जमराणा।
रीम करै ज्या रोळवै वोळै महराणा ॥
कवण पून जारो करै हीदु तुरकाणा।
जलल करी जगमाल दे करडी कमराणा ॥
ओरत आणी एकरी एकण धी आणा।
सझ वेहु आया पातसा घुरता नीसाणा ॥
पेड तणा वला पोसणा पलटै लक पाणा।
आरभ कीधा ऐहडा सज वेहु सुरताणा ॥
पचिया दोळा पेडरै तवू तूरकाणा।
घेरो लागो भीरडगढ डेरा दरसाणा ॥ ७

रावजी मालदेजीरो पैलो झगडो लिपते

दूहा

घेरो लागो भीरडगढ, उडण लागो सोर।
छूटण लागी नाळीया, बोलण लागा मोर ॥ ३१

सतगुरसु कहियो वचन, विदा हुवता वाण।
भिलै नही गढ भीरडरो, मलीनाथरो माण ॥ ३२

निसाणी

इण घडा असुराणरी चित रोस चढाया।
जागवीया अह रावकै जमराव पिजाया ॥
धोम झलाहळ धेपमैं उठ वाहर आया।
मुछ वरै कर मालदे सझ कवर सवाया ॥
जरद कमै भड जोरवर अग गेस न माया।
कमधज उठियो धूप कर कैकाण चमाया ॥

असुर दिली दल ऊपरां अस एम उठाया ।
पाग चमंकी वीज ज्यू घण घाव लगाया ।।
केता रुंड मुड काट कर रिण जंग मचाया ।
असुर गया रिण ओसके माले डकराया ।।
कीलम अगावा त्यार कर दूजै दिन आया ।। ८

रावलजी मालदेजीरो दूजो झगड़ो

भुरजां भुरजा भीरड़ गढ वड़ नाळ गड़की ।
सोर धुंवारिण घोरसु धर अवर ढकी ।।
आयर वीज अचीतकी असमान कड़की ।
भुप तुराटां भेळीया जुध कारण जकी ।।
आलम आलम अपीयो धज नेज फरकी ।
रजवट वंका राठवड़ जुटा पळ जकी ।।
म्लेछ तड़फड़ मारका गीधाण गहकी ।
पत्र भरे रत पूरिया वीराणव भकी ।।
जैं जैं जपै जोगणी आसीस अछकी ।
अपछर आय उतावळी हूरां वर तकी ।।
आसुर दळगा ओसके यण घावां छकी ।
सुणियां वायक पातसा सेना वेहुं सकी ।। ९

दूहा

दळ मेले गोरी दुभल, तीजै झगड़ै तैड़ ।
मारां रावळ मालनै, पोस लेवां गढ पेड़ ।। ३३

साहां वायक एम सुण, दे डाढी पर हत्थ ।
अला अला उचारकै, दळ मेले समरत्थ ।। ३४

रावल मालदेजीरो तीजो झगडो

नीसाणी

चढ दळ आया पेड पर हैदळ पुरसाणी ।
काली दामण कुजरा पाहाड प्रमाणी ॥
हीस हुवै ऐराकीया पोह कीध पलाणी ।
चढीया धुमै वाजता जग भिडीया जाणी ॥
रावळ माला माहा वळी आगळ हिंदवाणी ।
सादुलो किम सासवै सिरगाळ सहाणी ॥
असमर ले कर ऊठीया जम रुठा जाणी ।
आप दरगह आवीया आयस फुरमाणी ॥
वीडगा चढीया वीरवर सुण रावल वाणी ।
मीर छडाला मारीया पग वाढ पीगाणी ॥
केता अरीयण काटीया धर मोण वपाणी ।
तेरे तुगा भाजीया माले सलपाणी ॥
दीन धोळे दळ दाटीया चाढे उर वाणी ।
मीर गजा घड मागीया केता मुगलाणी ॥
माले मिणीयर देसमै पप चाढचो पाणी ।
मालन भागा मुगळा सावत मलपाणी ॥ १०

दूहा

साह दोऊ मन मकीया, फोज विदा की फेर ।
भिळे नही गढ भीन्डरो, माल तणो गिरमेर ॥ ३५

गाघै वाघै गाडग, भुज भेना भुरभार ।
चोथे जुध जुडवा चमु, लगर नीधा लार ॥ ३६

गाघो वागो वीरवर, उवा वेह अवीह ।
जुध जुटा उण विघ जवर, नाहर छुटा नीह ॥ ३७

राती वामो दैण रच, मन जुध चोथे मान्न ।
वीरम घड़सी वरजीया, माधैनें जगमाल ॥　　३८

वीरम घड़सी वीरवर, पाल माल परभात ।
अव या अरीया उपरा, रचमां जुध अधरात ॥　　३६

रावळजी वीरमदेजी कँवरजी जगमालजी रावळजी घड़सीजी भाटी जवाई जेसलमेरीया नैं सोलपी माधोसिंघजी प्रधान वीरमदेजीरा झगड़ा लिपते ।

नीसांणी

अजवै ऊपर ऊरीयां घड़सी रिण घोड़ा ।
एकण घाव उतारीया जगम वड जोड़ा ॥
पाहड़पान पछाडियो विजड़ां दुजोड़ा ।
तेजलपां जुध तीसरै चिमनो चोथोड़ा ॥
पीरपान रिण पंचमै सारंग छटोडा ।
इकां पट ही पूटगा घर ढहगा घोड़ा ॥
जद आयो जैतकर जस पाट भलोड़ा ।
माल वधांवां मोतीयां भर थाळ वडोड़ा ॥　　११

घड़सी वाई गरजके वागेपां ऊपर ।
गुरज वमोडी वागड़े घड़सीके धु पर ॥
घोड़ा सहतो गुड़ गयो लुटीयो धरती पर ।
जांण कवूतर छुट गयो हातांवाजीगर ॥　　१२

जितै पाग जगमालदे पछटी वागे पर ।
वगतर सहतो वोटकै निरलंग कियो नर ॥
कीरमिर वाही करगसुं दुजै इका पर ।
जाण चमंकी वीजळी करकाळै डंवर ॥　　१३

राघै फिर पग रोपीया इकै अड पाई ।
रावै ऊपर रुंक रस वीरमदे वाई ॥

घिरतै फिरतै कूदतै ठठर तै ठाई ।
ठाई ठठर ठोर भुज राघेपा वाई ॥
वाई जीतरै वीरमै कर जोर कलाई ।
वीडग तणा दोय टूक हुय राघा भागाई ॥
रचियो भारथ माधडै समसेर चलाई ।
जाण मिरगा डार पर चिता मलफाई ॥
राघो वाघो कट पडै रिण माझ सिपाई ।
वीरम घडसी माधडै जगै वरदाई ॥
पतसाहारै सामनै समसैर चलाई ।
उरस छिवता आवीया भाटी अरु भाई ।
माला वधाया मोतीया कर कोड किनाई ॥ ३९

दूहा

राळा वोळै रातरा, पैले वपत पवार ।
इका घडसी मारीया, वैया आगळ च्यार ॥ ४०

भाटी आगळ भैचकै, नाठा जवन निराठ ।
घडसीरै जुध जोरमै, जवरी वागी झाट ॥ ४१

मैंमदसा नै मालरा, भिडीया वेहु भीच ।
घडसी डोळी घालीयो, वागो पाडा वीच ॥ ४२

चढीया डोळी च्यार मैं, घडसी साथे घाय ।
उतै जवन कट आठसै, पापा दिया पपाय ॥ ४३

रावळजी मालदेजीरै पातसारै इणागी लडाई थयी । भाटी घडसीजी इका छव मारीया । पछै राघो और वागो दोनुं ही ईका आपरी फोजमु लडाई करी । भाटी घडसीजी कवरजी जगमालजी रावळजी वीरमदेजी मोरपी । माधोसिंघजी प्रधान वीरमदेजीरा आ च्यारा ही राघे वाघेरी फोजसुं लडाई करी और वाघो जगमालजी हाथसु मारीजीयो । इण रीत जुध हुवो ।

दूहा

राघो वागो रिण रैयो, मक्या साह मन सोय ।
धीरज दीनी उठ घर, दूजा ईका दोय ॥ ४४

मंडीया नंड़ा मोरचा, तुरक लगावै ताय ।
मालै इम कहियो मुपां, ए काइ दियै उठाय ॥ ४५

जगै अरज कीधी जरां, अभंग मालनै आय ।
कुंपो है अस कवलीयो, अव दू फोज उठाय ॥ ४६

मालै इम कहियो मुपां, मुघड़ वात दिल सौज ।
इण अस चढ तू एकलो, फेरे किण विध फोज ॥ ४७

नीसांणी

आलण कुंपो अथ वहै जाता जैसांणै ।
रिण मायां भूतां रची, तंवर तेजल आंणै ॥
आलणकुं तेजल कयो मासी सुत जांणै ।
मै रिणमै अवगत गया वि भोजन पांणै ॥
आलण वेटी आपरी तू रिणमै आंणै ।
कंवर प्रणावो कुंपकुं जग सारो जाणै ॥
वि चंवरी लागां धुंवों सुरलोक पयांणै ।
कुंपैकुं आलणी कही अगल मुप आणै ॥
कमधज परणी कूपसीं आलण धि आंणै ।
दीदो भूतां दायजो कवलो केकांणै ॥
फतेजीत वाजो दियो पांडो पुरमांणे ।
अकथ कुंपैरी इसी जग मालो जांणै ।
वीरांरै वचनां तणो आयो अवसांणै ॥ १५

दूहा

अभंग नगारो आपीयो, अरि गंज पाग उचेट ।
कुंपानै अस कवलीयो, भूतां कीदो भेट ॥ ४८

वीरां जद दीनो वचन, हतलेवो छुटवार ।
याद करो जद आपरै, हाजर वीस हजार ॥ ४९

कुप कवर विदा कियो, पाण जोड कर प्रीत ।
दीनो भूता दायजो, कुळमे ग्पण रीत ॥ ५०

भीरड कोट दळ भेळसी, हणसी हाता हुत ।
आडा किण दिन आवसी, भीडज कवलीयो भूत ॥ ५१

कुपादै अस कवलीयो, मुपसु कहियो माल ।
आलण वचना याद कर, जुडसी रिण जगमाल ॥ ५२

कुपे दीनो कवलीयो, जद लीनो जगमाल ।
रातीवासो रातरा, देवण सज्यो दुभाल ॥ ५३

अभग नगारै वव पड, अरिगज पाग उठाय ।
कवलै आगळ धूप कर, दीयो पागडै पाय ॥ ५४

कमधज चढीयो कवलीये, वध्यो गेस मन माय ।
दळ फिरिया दरीयाव ज्यू, ओळा दोळा आय ॥ ५५

मुजरो कर जगमालसु, भाप्यो इण विध भूत ।
कहो जको कारज करा, राज तणा रजपूत ॥ ५६

जगै हुकुम दे झोकी [या], किलमा पर कैकाण ।
वीस सहस लगि वहण, भूतारी केवाण ॥ ५७

मीराग माथ उडै, मुप वक मारो मार ।
मालावत जगमालगी, वहन लगी तरवार ॥ ५८

वग्ण साहा घड वीनणी, मझ आई सिणगार ।
जिणनै परणी जण जगो, कसीयो राजकँवार ॥ ५६

जवर भूत लै जाणीया, दुलही फोज दुभाल ।
जुध हथलेवो जोडियो, मालावत जगमाल ॥ ६०

निसांणी

भातीजो वीरम तणो मालारो बेटो ।
जुध चढीयो जगमाल दे कर टोप लपेटो ॥
वगतर कुंठा वीडीया धुब पोरस धेटो ।
सिरपर वाध्यो सेहरो जस विरदा जेटो ॥
चवरी रिण कामण चमु फेरे दे फेटो ।
भुळलीयां संग जानीया हतलेवे पेटो ॥
सावो अध रत साजीया भारतमें भेटो ।
भापां भर कवलीयो रुकां वळ रेटो ।
जिण विध भेटे चालै जो समै भूतावळ भेटो ॥
कुण जाणै वावै कवण पावे नह पेटो ॥
पाडे दळ पतसाहरा पीमे कुण पेटो ॥ १६

वटका उडगा वगतरां भटका कर भाड़ै ।
पतसाहां दळ पाधरै राठौड़ रमाडै ॥
घोड़ा आगळ गैवका बाजा बजवाड़ै ।
तेग बहै भूतां तणी राठौड़ अगाड़ै ॥
मारै दळ मुगलांणका भाटां षग भाड़ै ।
धड़ लुटता दीसै धरा मसतक भमाड़ै ॥
पग पग नैजा पाडीया पग पग ढल पाड़ै ।
अबकै ओ मोटो परब महमंद लीलाड़ै ॥
गीदोली बांधी गळै जगमाल अनाड़ै ।
जकौ न देवै जीवतो कुण मार ले राड़ै ॥ १७

मैहमंद मांडळ पातसा गुजरात धरांरा ।
एलै फौजां अवीया लपु अठलारा ॥
दीदो घेरो दोळीया वीरम पुरारा ।
मैवै रावळ मालदे ओपण अवतारा ॥

परतक पीर पचीस मो चोवीस सिरारा ।
कया विगडै उसका कहो काम तकरारा ।।
केस वळे मुप केसरी कुण लेवणहारा ।
मिण लेवण वासप मुपा कर कोण पसारा ।।
गीदोली जगमाल घर नह देवणहारा ।
मैमद गोगी घर गया कर कुच मवारा ।।
माल वधाया मोतीया भर थाळ सोनारा ।। १८

दूहा

तीन लाप जुध मैत दिन, घोरा जवन चलाय ।
जुध जीत्यो जगमालदे, लीधो माल वधाय ।। ६१
पग पग नेजा पाडीया, पग पग पाटी ढाल ।
वीवी वुजै पानने जोध किता जगमाल ।। ६२

गीदोलीरी लडाईमें झगडा तीन तो रावळ मालदेजी आपरै लोरसु एकला किया । झगडो चोथो भाटी घडसी रावळजी वीरमदेजी कवर जगमालजी सोलपी माधोसिघजी । पाचमो झगडो कवर जगमालसिघजी एकला भूतारे जोरसें कीइया । पाचा झगडामें तीन लाप आदमी पत पडीया । अठी राठोडारा आदमी लाप छा जामासुं आदमी हजार पचीस पेत पडीया । माहा-गाई चक्र जुध हुवो । जोईया राठोडा कनै आया जिणमुं वरस पाच पैला ओ झगडो हुवो छो । हू वादर ढाढी जोयारो ही । सो मैं पूछनै मुणी जिसी हगीगतसुं वणावट करी । मारी उक्त प्रमाण रावळजी जगमालजी वा कवरजी रिड-मलजीर कैणसु जस वणाय नै सुणायो । ओ झगडो हुवा पछै वरस वीससूं ओ ग्रथ वणाया । जोया वरस पाच अठ राठोडा कनै रया । जितै हु जोया साथै हो सो वात सारीसु वाकब हुवो और वीरमदेजी मधुरे आपसमे फूट पडी । झगडो हुयनै मारीजिया । धीरदेजो गोगादे की ताई जिती वात सारीसु मारै आपीया आगे हुई । मैं जोइयारै नगारै माथै हो । हेत वैर सागे निजरा देप्यो । पछै धीरदेजी काम आया । जा पछै तेजमाल जोय मनै कैयो कै वादर सिरदार मारीजिया जिण तरै हुई थे देवी जिसी सारी हगीगत वरण करो । जरा जोइया राठोडा कन आया । धीरदेजो मारीजिया जिता दिना मैं जो जो वात

उठा और अच्छा प्रबन्ध किया। एक बार सौदागर घोडे लेकर उधर से निकले। चूण्डा ने उनके सब घोडे छीन लिये और अपने राजपूतों को बाट दिये, एक घोडा अपनी सवारी को रक्खा। सौदागरा ने दिल्ली जाकर पुकार मचाई, तब वहा से बादशाह ने अपने अहदी को भेजा कि घोडे वापस दिलवादो। उसने ताकीद की, माला पर दबाव डाला, तब उसने चूण्डा के पास दूत भेजा घोडे मगवाये। चूण्डा बोला कि घोडे तो मने बाट दिये, केवल यह एक घोडा अपनी सवारी के लिये रक्खा है सो ले जाओ। लाचार माला को उन घोडा का मोल देना पड़ा और साथ ही चूण्डा को भी अपने राज्य में से निकाल दिया। वह इ दावाटी में इदों के पास आकर ठहरा और वहा साथी इकट्ठे करने लगा। कुछ दिना पीछे डीडणा गाव लूट लाया। तुर्कों के पडिहारों से मडोवर छीन ली थी और वहा के सरदार ने सब गावो से घास की दो दो गाडिया मगवाने का हुक्म दिया था। इदों को भी घास भिजवाने की ताकीद आई तब उन्होंने चूण्डा से मडावर लेने की सलाह की। घास का गाडियाँ भरवाइ और हरेक गाडी में चार चार हथियार बद राजपूतों को छिपाया। एक हाकने वाले और एक पीछे पीछे चलने वाला रक्खा। पिछले पहर को इनकी गाडिया मडोवर के गढ के बाहर पहुँची। गढ के दरवाजे पर एक मुसलमान द्वारपाल भाला पकडे खडा था। जब ये गाडिया भीतर घुसने लगी तो द्वारपाल ने एक गाडी में बछा यह देखने को डाला कि घास के नीचे कुछ और कपट तो नहा है। बर्छे की नोक एक राजपूत के जा लगी, परन्तु उसने तुरन्त कपडे से उसे पोंछ डाला, क्योंकि यदि उस पर लोहू का चिन्ह रह जावे तो सारा भेद खुल पडे, दर्बान ने पूछा-क्यों ठाकुरों ! सब में ऐसा ही घास है? कहा हा जी, और गाडिया डगडगाती हुई भीतर चली गइ। इतने म सध्या हो गयी, अधेरा पडा। जो रजपूत छिपे बैठे थे, बाहर निकले, दरवाजा बद कर दिया और तुर्कों पर टूट पडे। सबको काट कर चूण्डा की दोहाइ फेर दी, मडोवर लियाँ और इलाके से भी तुर्कों को खदेड खदेडकर निकाल दिया।

जब रावल माला ने सना कि चूण्डा ने मडोवर पर अधिकार कर लिया है तब वह भी वहा आया। चूण्डा से मिलकर कहा-शाबाश राजपुत्र! चूण्डा ने गोठ दी, काका भतीजे शामिल जीमे। उसी दिन ज्योतिषिया ने चूण्डा का पट्टाभिषेक कर दिया और वह मडोवर का राव कहलाने लगा। चूण्डा ने दस विवाह किये थे, जिनसे उसके १४ पुत्र उत्पन्न हुए-रणमल, सत्ता, अरडकमल, रणधीर, सहसमल, अजमल, भीम, पूना, कान्हा, राम, लूभा, लाला सुरताण और बाघा। (कही लाला और सुरताण के स्थान में बीजा और शिवराज नाम दिये हैं।)

एक पुत्री हसबाइ हुई, जिसका विवाह चितोड के राणा लाखा के साथ हुआ जिससे मोकल उत्पन्न हुआ था। पाच राणिया और उनके पुत्रा के नाम निचे दिये हैं—

राणी सांखली सूरमदे, धीसल की बेटी, पुत्र रणमल।
वायदे गहलोताणी, स इड माक सूदावत की बेटी, पुत्र सत्ता।

भटियाणी लाडा कुंतश केलगोत की बेटी, पुत्र अरड़कमल।
सोनां, मोहिल ईसरदास की बेटी, पुत्र कान्हा।

ईंदो केसर गोगादे उगाणोतरी बेटी, पुत्र—भीम, महसमल वरजांग, रूदा, चादा, ऊजु।

मंडोवर हाथ आने पर राव चूण्डा ने और बहुत सी धरती ली और उसका प्रताप दिन ब दिन बढ़ता गया। उस वक्त नागोर में खोखर राज करता था और उसके घर में राव चूण्डा की साली थी। उसने राव को गोठ देने के लिए नागोर के गढ में बुलाया। वह चार-पांच दिन तक वहां रहा और वहा की व्यवस्था देखकर अपने राजपूतों से कहा कि चलो नागोर लेवे, राजपूत भी इससे सहमत हो गये। एक दिन वह राजपूतों को साथ ले नागोर में जा घुसा, खोखर को मारा, दूसरे सब लोग भाग गये और नागोर में राव की दुहाई फिरी। वह वहा रहने लगा और अपने पुत्र सत्ता को मडोवर रक्खा। नागोर नगर सं० १५१२ (सं० १२१५ होगे।) कैमास दाहिमे ने बसाया था।

एक दिन राव चूण्डा दरबार में बैठा था कि एक किसान ने आकर कहा कि महाराज मैं चने बोने को खेत में हल चला रहा था कि कूऐ के पास एक लट्ठा दीख पड़ा। सम्भव है, उसमें कुछ द्रव्य हो। यह विचार कर कि वह धन धरती के धनियो का है मैं आपको इत्तला करने आया हूँ। राव ने अपने आदमी उसके साथ द्रव्य निकालने को भेजे। उन्होंने जाकर वह भूमि खोदी, परन्तु माल बहुत गहराई पर था, सो हाथ न आया। उन्होंने आकर राव चूण्डा से कहा तो राव स्वयं वहा गया और बहुत से बेलदार लगाकर पृथ्वी को बहुत गहरी खुदवाई, तो उसमें से रसोई के बर्तन निकले अर्थात्—चरवे, देगे, कूंडियां, थालिया आदि। राव ने उनको देखा, ऊपर गह्लावड़े का नाम था और ऐसा लेख भी था कि जो इस भांति रसोई कर सके वह इन बर्तनो को निकाले। राव ने कहा कि इनको यहीं डालदो। तब सरदारो ने कहा कि इनमें से एक आध चीज तो लेनी चाहिये, तब एक पली (तेल या घी निकालने की) ली। नागोर आकर उसको तुलवाई तो १५ पैसे भर की उतरी। राव चूण्डा ने आज्ञा दी कि आगे को मेरे रसोवड़े मे इस पली से घी परोसा जावे, सबको एक एक पूरी पली मिले, यदि आधी देवे तो रसोइदार को दड दिया जावेगा।

एक दिन अरडकमल चूण्डावत ने भैंसे पर लोह किया। एक ही हाथ में भैंसे के दो टूक हो गये, तब स। सरदारो ने प्रशसा कर कहा कि वाह वाह ! अच्छा लोह हुआ। राव चूण्डा बोला कि क्या अच्छा हुआ, अच्छा तो जब कहा जावे कि ऐसा घाव राव राणगदे अथवा कुंवर सादा (सादूल) पर करे। मुझको भाटी (राणगदे) खटकता है उसने गोगादेव को जो विष्टाकारी (वेइज्जती) दी वह निरन्तर मेरे हृदय का साल हो रही है। अरडकमल ने पिता के इस कथन को मन में धर लिया, उस वक्त तो कुछ न बोला, परन्तु कुछ काल बीतने पर सादे कुंवर को अवसर पाकर मारा। इसके बदले राव राणगदेव ने

सखला महाराज को मार डाला। महाराज के भतीजे रावलिया सोमा ने राव चूण्डा के पास जाकर पुकार की और कहा जो आप भाटी से मेरे मामा का वैर लेवे तो आपको कन्या ब्याह कर एक सौ घोडे दहेज में दूंगा। राव चूण्डा चढ चला और पूंगल के पास जाकर राणगदे को मारा और उसका माल लूटकर नागोर लाया, राव चूण्डा के प्रधान सवदू भाटी और ऊना राठोर थे।

राव चूण्डा की एक राणी मोहील के पुत्र जन्मा, नाम कान्हा रक्खा। मोहिलाणी ने बालक को घूटी न दी, यह खबर राव को हुई। उसने जाकर रानी से पूछा कि कुंवर को घूटी न देने का क्या कारण है। वह बोली कि जो रणमल को राज से निकालो तो घूटी दूं। राव ने रणमल को बुलाकर कहा बेटा तू तो सपूत है, पिता की आज्ञा मानना पुत्र का धर्म है। रणमल बोला–पिताजी, यह राज कान्हा को दीजिए। मुझे इससे कुछ काम नहीं। ऐसा कह पिता के चरण छूकर वहा से चल निकला और सोजत जा रहा। (रणमल को निकालने का दूसरा कारण यही पर ऐसा लिखा है) भाटी राव राणगदे को जब राव चूण्डा ने मारा तो राणगदे के पुत्र ने भाटियों को इकट्ठा किया और फिर मुलतान के बादशाही सूबेदार के पास गया, अपने बाप का वैर लेने के वास्ते वह मुसलमान हो गया, और अपनी सहायता पर मुलतान तुर्क सेना ले नागोर आया। उस वक्त राव चूण्डा ने अपने बेटे रणमल को कहा कि तू बाहर कही चला जा, क्योंकि तू तेजस्वी है सो मेरा वैर लेने में समर्थ होगा। जो राजपूत तेरे साथ जाते हैं उनको सदा प्रसन्न रखना, उनका दिल कभी मत दुखना। जेठी घोडा सिखरा ऊगमणोत को देना। मैंने कान्हा को टीका देना कहा है जो इसको (कान्हगाव) लेजाके ले जाकर तिलक दिया जावेगा।

राव की राणी मोहिलाणी ने एक दिन घृत की भरी हुई एक गाडी आती देखी, अपनी दासी भेज खबर मगवाई कि क्या रावजी के कोई विवाह है जो रोज इतना घृत आता है। दासी ने आकर कहा बाईजी विवाह तो कोई नहीं यह घृत तो रावजी के रसोडे के खर्च के लिए है यहां बारह मण रोज खर्च होता है। मोहिलाणी बोली यह घृत लुटता है। रावजी से कहा कि रसोडे का प्रबन्ध मुझको सौंपिए। राव ने स्वीकारा, राणी पाच सेर घृत में रोज काम चलाने लगी और रावजी को कहा कि मैंने आपका बहुत फायदा किया है, परन्तु इस कार्यवाही से सब राजपूत अप्रसन्न हो गये थे इसलिए बहुत से रणमल के साथ चल दिये।

जब नागोर पर भाटी व तुर्क चढ आये तो राव चूण्डा भी सजकर मुकाबले के वास्ते गढ के बाहर निकला, युद्ध हुआ और सात आदमियों सहित राव चूण्डा खेत रहा। भाटियों ने राव का सिर काटकर बर्छे की नोक पर धरा और उस बर्छे को भूमि में गाड़कर राव के मस्तक को ऊपर रक्खा और मसखरी के तौर पर भाटी आ आकर उसके सामने यह कहते हुए सिर झुकाने लगे कि "राव चूण्डाजी जुहार।" तब राव केलण वहा आया। यह बड़ा शकुनी था, कहने लगा—ठाकुरो, सुनो आगे को मारी टीका के चाकर होंगे और इसे तसलीम करो।

राव चूण्डा के सरदार रणमल को ढूंढाण की तरफ ले गये। रणमल ने पिता के आज्ञानुसार साथ के सब राजपूतों को राजी कर लिया। केलण भाटी रणमल के पीछे लगा। रणमल एक गांव में पहुँचा, एक पनघट के कुऐ के पास ठहरा। वहां पनिहारियां जल भरने आई। उनमें से एक बोली 'बाई! आज कोई ऐसा यहां आया है कि जिसने अपने बाप को मरवाया, धरती खोई, उसके पीछे कटक आता है सो ऐसा न हो कि अपने को भी मरवावे।" पनिहारी के ये वचन रणमल के कान में पड़े। वह बोला आगे नहीं जाऊंगा, पीछा करने वाली सेना से लडूंगा सब पीछे फिरे, शस्त्र संभाले, युद्ध हुआ, खिलरा ने बादशाही निशान छीन लिया। मुगल और भाटी भागे और रणमल नागोर में आकर पाट बैठा।

गोगादेव थलवट में रहता था। वहा जब दुष्काल पड़ा तो मऊ (लोग या प्रजा) चली, केवल थोड़े मनुष्य वहा रह गये। आषाढ़ आया तब लोग गावों में आकर बसे। उनमें बानर तेजा नाम का एक राजपूत गोगादेव का चाकर था, वह भी मऊ के साथ गया था। पीछे लौटता हुआ वह अपने पुत्र पुत्री और एक बैल सहित गाव मीतासर में रात्रि को ठहरा। प्रभात के समय जब वह स्नान को गया और पानी में बैठकर नहाने लगा तब उस गॉव के स्वामी मोहिल ने उसको बेटी की गाली दी और कहा "अरे पापी, लोग तो यहां जल पीते हैं और तू उसमें बैठकर नहाता है।" इतना कहकर उसके पराणी (वह लकड़ी जिसके एक सिरे पर लोहे की तीक्ष्ण कील लगी रहती है) मारी, जिससे उसकी पीठ चीर गई। लोगो ने कहा कि यह गोगादेव का राजपूत है तो मोहिल बोला कि "गोगादेव जो करेगा सो मैं देख लूंगा।" तेजा वहां से अपने गाव आया। उसके घरमें प्रकाश देखकर गोगादेव ने अपने आदमी को खबर के लिए भेजा और फिर उसको बुलाया। दूसरे दिन जब गोगादेव तालाब पर स्नान करने गया तो तेजा भी उसके साथ गया था। जब नहाने लगे तो गोगादेव ने तेजा की पीठ मे घाव देखकर पूछा कि यह कैसे हुआ? उसने उत्तर दिया कि मीतासर के राणा माणकराव मोहिल ने मेरी पीठ में आर लगाई और ऐसा कहा है। इस पर गोगादेव साथ इकट्ठा करके मोहिलों पर चढ़ा। उस दिन वहां बहुत सी बराते आई थी। लोगो ने समझा कि यह भी कोई बरात है। द्वादशी के दिन प्रातःकाल ही गोगादेव चढ़ दौड़ा, लड़ाई हुई, राणा भाग गया, दूसरे कई मोहिल मारे गये, गाव लूटा, और २७ बरातो को भी लूटकर अपने राजपूतो का बैर लिया।

गोगादेव जब जवान हुआ, तब अपने पिता का बैर लेने के लिए उसने साथ इकट्ठा किया और जोहियो पर चढ़ चला। इस बात की सूचना जोहियो को होते ही वे भी युद्ध के लिए उपस्थित हो गये। (शत्रु को धोखा देने के लिए) गोगादेव उस वक्त पीछा मुड़ गया और २० कोस आकर ठहरा। अपने गुप्तचर को बैरी की खबर देने के लिए छोड़ आप उसकी घात में बैठा अवसर देखने लगा। जोहियो ने जाना कि गोगादेव चला गया है तो फिर अपने स्थान को लौट आये। गुप्तचर ने आकर खबर दी कि मैंने दल्ला जोहिया और उसके पुत्र धीरदेव का पता लगा लिया है और जहा वे सोते हैं वह ठौर

निकला। धीरदेव इस अर्से में पूगल के राव राणगदे भाटी के यहा विवाह करने गया था और उसके बिछोने पर उसकी बेटी सोती थी, धीरदेव के भरोसे तलवार झाडी। उसकी कृपाण उस बाला को काट, बिछौने को चीर, पलग को काटती हुई पट्टी से जा अटकी। इसी से वह तलवार 'रलतली' प्रसिद्ध हुइ। जब दल्ला मारा गया तो उसका भतीजा ह.सू पडाइये नाम के घोडे पर चढ धीरदव को यह समाचार पहुचाने के लिए पूगल को दौड़ा। धीरदेव विवाहोत्तर अपनी पत्नी के पास सोया हुआ था, ककन डोरडे अब तक न ये। पहर भर रात्रि शेष रही होगी कि घोडा पडाइया हिन हिनाया। धीरदेव की आ खुल गई, कहने लगा कि पडाइया हिन हिनाया। साथ के नौकर चाकर बोले, जी! इस वक्त यहा पडाइया कहा? इतना कहते तो देर लगी कि ह.सू सम्मुख आ खडा हुआ। धीरदेव ने पूछा कुशल तो है? उत्तर दिया कि कुशल कैसी, गोगादेव बीरमोत ने आकर तुम्हारे पिता दल्ला को मारा, अब वह वापस जाता है। धीरदेव तत्काल उठा, वस्त्र पहने, हथियार बाधे, घोडे जीन कराया, सवार होने ही को था कि राव राणगदेव भी वहा आगया, कहने लगा कि ककनडोरे खोलकर सवार होओ। धीरदेव ने उत्तर दिया कि अब पीछे आकर खोलेंगे। तब तो राव राणगदेव भी साथ हो लिया और दोनों चढ धाये। आगे गोगादेव पदरोला के पास ठहरा हुआ था, घोडों को चरने के लिए छोड दिया था, साथ सब जल के किनारे टिका हुआ था। भाटी और जोइये निकट पहुचे। घोडे चरते हुए देखे तो जान लिया कि यह घोडे गोगादेव के हैं, तब उनको लेकर पीछे फिरे और पदरोला आये। कटक प्यासा हुआ तब कहने लगे कि जल पीकर चलें। जलपान किया, घोडा को भी पिलाकर ताजा कर लिया और फिर दो टुकडी हो दोनों तरफ से बढे। इन्हें देखकर गोगादेव ने पुकारा–अरे घोडे लाओ! तब ढीढी (कोइ नाम) बोला–"अरे! गोगादेव के घोडे नहीं मिलते हैं, जोहिये ले गये, छुडाओ।" युद्ध शुरू हुआ। भाटी जोहिया राठौडों से भिडे। गोगादेव घावों से पूर होकर पड़ा, उसकी दोनों जघा कट गई, उसका पुत्र ऊदा भी पास ही गिरा। घायल गोगादेव अपनी माण की तलवार को टेके बैठा घूम रहा था कि राव राणगदे घोडे चढा हुआ उसके पास से निकला तो गोगादेव कहने लगा "राव राणगदे का बडा साका (साथ) है। हमारा पारवाडा (जुहार?) ले लेवे।' राणगदे ने उत्तर दिया कि "तेरे जैसी विष्ठा का पारवाडा हम लेते फिरें" इतना कहकर वह तो चला गया और धीरदेव आया। तब फिर गोगादेव ने कहा "धीरदेव तू वीर जोहिया है, तेरा काका मेरे पेट में तडप रहा है, तू मेरा पारवाडा ले।" यह सुन धीरदेव फिरा, गोगा के निकट आ घोडे से उतरा। तब गोगा ने तलवार चलाइ और वह पास आ पडा। गोगा ताली देकर हसा, तब धीरदेव ने कहा—'अपना बेर टूटा, हमने तुझे मारा और तूने धीरदेव को, इससे महेवे की हानि मिट गइ।" धीरदेव के प्राण मुक्त हुए तब गोगादेव बोला "कोइ हो तो सुन लेना। गोगादेव कहता है कि राठोडों और जोहिया का बैर तो बराबर हो गया, परन्तु जो कोइ जीता जागता हो तो महेवे जाकर कहे कि राव राणगदे ने गोगादेव को "विष्टागाली" दी है सो बैर भाटियों मे है।' यह बात भीवा ने सुनी और महेवे आकर सारा हाल कहा।

इधर रणखेत में जोगी गोरखनाथजी आ निकले । गोगादेव को इस तरह बैठा देखा, उन्होंने उसकी जंघा जोड़ दी और अपना शिष्य बना कर ले गये, सो गोगादेव अब तक चिरंजीव है ।

अडकमल या अरडकमल चूण्डावत (राठौड़ राव चूण्डा का पुत्र)–जैसा कि ऊपर लिख आये हैं कि अडकमल को भैंस का लोह करने पर उसके पिता ने बोल मारा (कि भैंस का लोह किया तो क्या, मैं तो प्रशंसा जब करु, कि ऐसा ही लोह राव राणगेद या उसके बेटे सादा पर किया जावे ।) पिता का वह बोल पुत्र के दिल में खटकता था । उसने स्थल स्थल पर अपने भेदिये यह जानने को बिठा रक्खे थे कि कहीं राणगदे या सादूल कुंवर हाथ आवे-तो उनको मारू । तभी मेरा जीवन सफल हो और पिता के बोल को सत्य कर बताऊं । छापर द्रोणपुर में मोहिल (चौहान) राज करते थे वहा के राव ने अपनी कन्या के सम्बन्ध के नारियल पूगल में कुंवर सादूल राणगदे बोत के पास भेजे । ब्राह्मण पूंगल आया और भाटी राव से कहा कि मोहिला ने कुंवर सादूल के लिए यह नारियल भेजे हैं । राव राणगदे ने उत्तर दिया कि हमारा राठौडो से बैर है, अतएव कुंवर व्याह करने को नही आ सकता और ब्राह्मण को रुकसत कर दिया । यह समाचार सादूल को मिले कि रावजी ने मोहिलों के नारियल लौटा दिये हैं तो अपना आदमी भेजकर ब्राह्मण को वापस बुलाया, नारियल लिये और उसे द्रव्य देकर विदा किया । प्रतिष्ठित सरदारो के हाथ पिता को कहलाया कि नारियल फेर देने में हम अपयश और लोकनिंदा के भागी होते हैं, राठोडो से डरकर कब तक घर में घुसे बैठे रहेंगे, मै तो मोहिलाणी को व्याह कर लाऊंगा । वह टीकावत पुत्र और जवान था । राव ने भी विशेष कहना उचित न समझा । इसने अपने राजपूत इकट्ठे कर चलने की तैयारी करली और पिता के पास मोर नामी अश्व सवारी के लिए मांगा । राव ने कहा कि तू इस घोड़े को रखना नही जानता; या तो हाथ से खो देगा या किसी को दे आवेगा । बेटा कहता है पिताजी ! मै इस घोड़े को अपने प्राण के समान रक्खूंगा । अब पिता क्या कहे, घोड़ा दिया, कुंवर केसरिये कर व्याहने चढ़ा, छापर पहुंचा और माणकदेवी के साथ विवाह किया । राव कलण की पुत्री माणक भाटियाणी जबर्दस्त थी । उसने गढ़ द्रोणपुर में विवाह न करने दिया, तब राव माणक सेवा ने अपनी कन्या और राणा खेता की दोहिती को ओरीठ गाव में ले जाकर सादूल के साथ व्याही थी । मोहिलो ने सदूल को सलाह दी कि तुम अपने किसी बड़े भरोसे वाले सरदार को छोड़ जाओ । वह दुलहन का रथ लेकर पूंगल पहुंचा जावेगा, तुम तुरन्त चढ़ चलो, क्योंकि दुश्मन कही पास ही घात में लगा हुआ है । सादूल ने कहा कि मैं त्याग बांटकर पीछे चढूंगा । राठोडो के भेदिये ने जाकर अरडकमल को खबर दी कि सादूल मोहिलो के यहां व्याहने आया है, वह तुरन्त नागौर से चढ़ा । इस वक्त एक अशुभ शकुन हुआ । महाराज साथ था, उसको शकुन का फल पूछा तो उसने कहा कि अपन कालू गोहिल के यहां चलेंगे, जब वह आपको जीमने की मनुहार करे तो उसको अपने शामिल भोजन के लिए बैठा लेना । पहला ग्रास आप मत लेना, गोहिल को लेनें

देना। जब वह ग्रास भरे तब उससे पूछना कि हमने ऐसा शकुन देखा है उसका फल कहो। वह विचार कर कह देगा। ये मोहिल के घर जाकर उतरे, उसने गोठ तैयार कराई, जीमने बैठे, पहला ग्रास कालू ने लिया तब अरडकमल कहने लगा—कालूजी हम सादूल भाटी पर चढे हैं, हमको ऐसा शकुन हुआ उसका फल कहो। कालू कुछ विचार कर बोला "तुम जिस काम को जाते हो वह सिद्ध होगा, तुम्हारी जय होगी और कल प्रभात को शत्रु मारा जायेगा।" जाम चढ़कर चढे, महाराज सावल के बेटे आलणसी को राव राणगदे ने मारा था इसलिए अपने बेटे का बैर लेने को महाराज आगे होकर राठोडों के कटक को सादूल पर ले चला। सादूल भाटी त्याग बाट, ढाल बजवाकर अपनी ठकुराणी का रथ साथ ले रवाना हुआ था कि लाखा के मगरे (पहाडा) के पास अरडकमल ने उसे जा लिया और ललकार कर कहा—"भटे सरदार जावे मत। मैं बडी दूर से तेरे वास्ते आया हूं।" तब दाढी वाला—"उडे मोर करे पलाइ मेरे जाइ पर सादो न जाइ," ! मोर (घोडा) उडकर भाग जावे परन्तु मादा नही जावेगा। राजपूतों ने अपने अपने शस्त्र सभाले, युद्ध हुआ, कई आदमी मारे गये, अरडकमल ने घोडे से उतर मोर पर एक हाथ ऐसा मारा कि उसके चारों पाव कट गये और साथ ही सादूल का काम भी तमाम किया। उसके साथ राजपूत मर मिटे तब मोहिलाणी ने अपना एक हाथ काटकर सादूल के साथ जलाया और आप पूगल पहुंची, सासू ससुर के पग पकडे और कहा "मैं आप ही के दर्शन के लिए यहा आई थी, अब पति के साथ जाती हूं।" ऐसा कहकर वह सती हो गयी। अरडकमल ने भी नागौर आकर पिता के चरणों में सिर नवाया, राव चूण्डा हुआ और उसे पट्टे में दिया।

(ऊपर कह आये हैं कि राव चूण्डा ने अपनी राणी मोहिल के कहने से अपने पुत्र रणमल को अपना उत्तराधिकारी न बनाकर उसे निर्वासित किया और मोहिल के पुत्र कान्हा को मंडोवर का राज दिया था।) जब रणमल विदा हुआ तो अच्छे अच्छे राजपूत अर्थात् सिखरा उगमणोत, ऊदा, ऊना त्रिभुवन सिंहोत, राठोड कालोटियाणो उसके साथ हो लिये। आगे जाकर एक रहट चलता देखा, वहा घोडा को पानी पिलाया। उनके मुंह छाने, हाथ मुंह धोकर अमल पानी लिया। वहा सिखरे ने एक दोहा कहा—"कालो काले हिरण निम, गयो टियाणा कूद। आयो परवत साथियों त्रिभुवन गालै ऊद।' तब ऊदा और काला ने कहा कि हम सिखरा के साथ नही जायेंगे, यह निंदा करता है अत पीछे लौट जायेंगे। इतने में दल्ला गोहिलोत का पुत्र पूना उठकर आया, जिसको सिखरे ने कहा कि पीछे फिरो। वह बोला "मैं नही लौटूंगा, ऐसा अवसर मुझे कब मिले।" तब काला और ऊदा ने कहा कि हम पूना के साथ पीछे जावेंगे। सिखरा ने कहा तुम जाओ, मैं नहीं आऊंगा। एक दोहा मुझे भी कहो—

घुमडलेह सिरावणी, कहियो उगह निहाण।
ऊगमणावत कूकियो, रट वगे केकाण॥

फिर पूना राव (चूण्डा) के पास चला गया। ५०० सवारां सहित नाडोल के गांव घणने में आकर ठहरा। नाडोल में उस वक्त सोनगिरे (चहुवाण) राज करते थे।

राव रणमल के यहा तीन बार रसोई चढती और वह अपने दिन सैर शिकार में बिताता था। जब सोनगिरो ने उसका वहा आ उतरना सुना और उसके ठाट ठस्से के समाचार उनके कानों में पहुंचे तब उन्होने अपने एक चारण को भेजा कि जाकर खबर लावे कि रणमल के साथ कितनेक आदमी है। चारण ने राव के पास आकर आशीष पढ़ी, राव ने उसको पास बिठाकर सोनगिरो का हाल पूछा। इतने में नौकर ने आकर अर्ज की कि जीमण तैयार है। चारण को साथ लिये नाना प्रकार की तैयारी का स्वाद लिया, फिर चारण को कहा कि तुझे कल विदा मिलेगी। दूसरे दिन प्रभात ही शिकारियों ने आकर खबर दी कि अमुक पर्वत में ५ वराहो को रोके है। रणमल तुरन्त सवार हुआ और उन पाचों शूकरो का शिकार कर लाया। रसोई तैयार थी, जीमने बैठे, भोजन परोसा गया, साथ के लोग जीमने लगे कि एक शिकारी ने आकर कहा कि पनोते के बादले (बहने वाली बर्साती जलधारा या छोटी नदी) पर एक बड़ा वराह आया है। सुनते ही रणमल उठ खड़ा हुआ और घोड़ा कसवाकर सवार हो चला। चारण भी साथ हो लिया। सवार होते समय जोहियों को आज्ञा दी कि पनोते के बाहले पर जीमण तैयार रहे। जब वराह को मारकर पीछे फिरे तो रसोई तैयार थी। जीमने बैठे, आधाक भोजन किया होगा कि खबर आई कि कोलर के तालाब पर एक नाहर और नाहरी आये है। उसी तरह भोजन छोड़कर वह उठ खड़ा हुआ और वहां पहुंचा जहा बाघ था। जाते वक्त हुक्म दिया कि जीमण तालाब पर तैयार रहे। चारण भी साथ ही गया। जब सिंहो का शिकार कर लौटे तो रसोई तैयार थी–सब ने सीरा पूरी आदि भोजन किया। उस चारण को मार्ग में से ही विदा कर दिया और कहा कि नाडोल यहां से पास है। चारण ने घोड़ा हटाया, नाडोल वहा से एक कोस ही रह गया था। चारण ने पुकार मचाई "दौड़ो दौडो"। बाहर आई है गांव में राजपूत सवार हो होकर आये। चारण को पूछा कि तुझे किसने खोसा ? कहा–मुझे तो किसी ने नही खोसा है परन्तु तुम्हारी धरती लुट गई। पूछा कैसे ? बोला–यह रणमल पास आ रहा है और इतना खर्च करता है, बाप ने तो निकाल दिया, फिर इसके पास इतना द्रव्य आवे कहा से ? यह कही न कही छापा मारेगा या तो सोनगिरो से नाडोल लेगा, हूलो से सोजत लेगा। इस कान से सुनो या उस कान से, मैंने तो पुकार कर कह दिया है।

कितनेक दिन वहा ठहरकर रणमल चित्तौड़ के राणा लाखा के पास गया जहां छत्तीस ही राजकुल चाकरी करते थे। बड़ा राजस्थान, रणमल भी वहा जाकर चाकर हुआ। (आगे राणा लाखा और चूण्डा की बात, राणा का रणमल की बहन से विवाह करना और मोकल के जन्म आदि का हाल पहले सिसोदियो के वर्णन में राणा लाखा के हाल में लिख दिया है–देखो भाग प्रथम पृष्ठ २४)।

एक बार रणमल थोड़े से साथ से यात्रा के वास्ते गया था, पीछा लौटते ढूंढाड में आया। वहां पूरणमल कछवाह राज करता था (यह राजा पृथ्वीराज का पुत्र और सांभर का राजा था)। उसने रणमल को पूछा कि हमारे यहां नौकर रहोगे। उत्तर दिया–रहेंगे।

एक दिन जोधा काधल और पूरणमल चौगान खेल रहे थे। जोधा (रणमल का पुत्र) जेठी घोड़े पर सवार था। पूरणमल ने वह घोड़ा देखा, कहा हमें दे दो। काधल बोला कि रणमलजी को पूछे बिना मैं नहीं दे सकता। पूरणमल ने कहा, मैं छीन लूंगा। फिर जोधा काधल ने डेरे पर आकर घोड़े की कथा रणमल को सुनाई। रणमल अपने भाई बेटे व राजपूतों सहित दरबार में आया। पूरणमल जहां बैठा था वहां उसका घोड़ा दबाकर बैठ गया। उसकी कमर में हाथ डाल पकड़कर खड़ा कर दिया और अपने साथ बाहर ले आया, घोड़े पर सवार कराया और उसके घोड़े के बराबर अपना घोड़ा रख कर ले चले। पूरणमल के राजपूत इन्हें मारने को आये तो रणमल कटार खींचकर पूरणमल को मारने को तैयार हो गया। तब तो वह अपने आदमियों को झगड़ा करने से रोककर उनके साथ साथ हो लिया। बहुत दूर ले जाकर रणमल ने उसे आदरपूर्वक वह घोड़ा दे इतना कह लौटा दिया कि "हमारे पास से घोड़ा यूं लिया जाता है, जिस तरह तुम लेना चाहते थे वैसे नहीं।"

अपने पिता के मारे जाने पर रणमल नागौर आया और अपने पिता के आज्ञानुसार कान्हा को राजगद्दी पर बिठाकर आप सोजत में रहने लगा। भाटियों से बैर था सो दौड़-दौड़कर उनका इलाका लूटने लगा। तब उन्होंने चारण भुजना सढायच को उसके पास भेजा। चारण ने यश पढ़ा, जिससे प्रसन्न होकर रणमल ने कहा कि अब मैं भाटियों का बिगाड़ न करूंगा। उन्होंने अपनी कन्या उसे ब्याह दी जिसके पेट से राव जोधा उत्पन्न हुआ था।

अपने पुत्र सत्ता को पहेर की जागीर राव चूण्डा ने पहले ही से दे दी थी, (दूसरी ख्यातें से) सं० १४६५ में कान्हा का मंडोवर गद्दी बैठना पाया जाता है परन्तु वह अधिक राज न कर सका। उसके भाई सत्ता ने राज छीन लिया, और राज प्रबन्ध अपने भाई रणधीर को सौंपा। सत्ता के पुत्र नर्बद और रणधीर के परस्पर अनबन हो जाने से रणधीर चित्तौड़ गया और रणमल को लाया। राणा मोकल ने रणमल की सहायता कर सं० १४७८ के लगभग उसे मंडोवर की गद्दी पर बिठाया। रणमल और उसके पुत्र जोधा ने नरबद से युद्ध किया, वह घायल होकर गिरा, तीर लगने से उसकी एक आंख फूट गई और उसके बहुत से राजपूत मारे गये। राव रणमल ने मंडोवर ली। राव सत्ता को आंखों से दिखता नहीं था इसलिए राव रणमल ने उसको गढ में रहने दिया और जब वह उससे मिलने गया, अपने पुत्रों को उसके पांवों लगाया। जब जोधा जिरह बख्तर पहने शस्त्र सजे उसके चरण छूने को गया। सत्ता ने पूछा कि "रणमल यह कौन है?" कहा "आपका दास जोधा है।" सत्ता बोला कि टीका इसे देना, यह धरती रक्खेगा। रणमल ने भी उसी को अपना टीकायत बनाया और मंडोवर में उसे रक्खा और आप नागौर चला गया।

एक दिन राव रणमल सभा में बैठा अपने सरदारों से यह कह रहा था कि बहुत दिन से चित्तौड़ की तरफ से कोई खबर नहीं आई है। उसका क्या कारण? थोड़े ही दिन पीछे एक आदमी चित्तौड़ से पत्र लेकर आया और कहा कि मोकल मारा गया। राव

सीमा पर युद्ध हुआ उस वक्त महमूद हाथी पर लोहे के कोठे में बैठा हुआ था, राव रणमल ने चाहा कि अपने घोड़े को उडाकर बादशाह को बर्छी मारे, परन्तु किसी प्रकार बादशाह को राव का यह विचार मालूम हो गया। उसने तुरन्त अपने खवास को जो पीछे बैठा हुआ था अपनी जगह बिठा दिया और आप उसकी जगह जा बैठा। इतने में रणमल ने घोड़ा उड़ाकर बर्छी चलाई, वह कोठा तोड़कर खवास की छाती के पार निकल गई। उसने चिल्ला कर कहा "हजरत मैं तो मरा।" यह शब्द रणमल के कान पर पड़े और उसने जाना कि बादशाह बच गया है। बादशाह हाथी की पीठ पर पीछे की ओर बैठा था और राव की यह प्रतिज्ञा थी कि वह पीठ पर तलवार कभी न चलाता था। उसने फिर घोड़ा उड़ाया बादशाह के बराबर आकर उसको उठाया और एक शीला पर दे पटका जिससे उसके प्राण निकल गये। महपा को बादशाह माडू के गढ़ में छोड़ आया था। जब राणा मांडू पहुंचा तो गढवालों ने महपा को कहा कि अब हम तुमको नहीं रख सकते हैं। राव रणमल ने उसे मांगा तब वह घोड़े पर चढ़कर गढ़ के दरवाजे आया और वहां से नीचे कूद पड़ा जिस ठौर से महपा कूदा उसको पाखंड कहते हैं। पीछे महपा को सिकोतरी का वरदान हुआ

(दूसरी बात इस तरह पर लिखी है)—राव चूण्डा काम आया तब टीका राव रणमल को देते थे कि रणधीर चूण्डावत दरबार में आया। सत्ता वहां बैठा हुआ था। रणधीर ने उसको कहा कि "सत्ता कुछ देवे तो टीका तुम्हें देवे।" सत्ता ने कहा कि "टीका रणमल का है, जो मुझे दिलाओ तो भूमि का आधा भाग तुझे देऊं।" तब रणधीर ने घोड़े से उतर दरबार में जाकर सत्ता को गद्दी पर बिठा दिया और रणमल को कहा कि तुम पट्टा लो। उसने मंजूर न किया और वहां से चल दिया, राणा मोकल के पास जा रहा राणा ने उसकी सहायता की और मंडोर पर चढ़ आया। सत्ता भी संमुख लड़ने को आया रणधीर नागौर जाकर वहा के खान को सहायतार्थ लाया। (उस वक्त नागोर में शम्सखान गुजरात के बादशाह अहमदशाह की तरफ से था।) सीमा पर युद्ध हुआ, रणमल तो खान से भिड़ा और सत्ता व रणधीर राणा के संमुख हुए। राणा भागा और नागौरी खान को रणमल ने पराजित कर भगाया। सत्ता और रणमल दोनों की फौजवालों ने कहा कि विजय रणमल की हुई है, दोनो भाई मिले, परस्पर राम राम हुआ, बात-चीत की, रणमल पीछा राणा के पास गया और सत्ता मंडोवर गया।

सत्ता के पुत्र का नाम नर्बद और रणधीर के पुत्र का नाम नापा था। (सत्ता आखों से बेकार हो गया था इसलिए) राज-काज उसका पुत्र नर्बद करता था। एकबार नर्बद ने मन में विचारा कि रणधीर धरती में आधा भाग क्यों लेता है, मैं उसको निकाल दूंगा थोड़े ही दिनों पीछे ४००) रुपये कही सेआये, उनका आधा भाग नर्बद ने दिया नहीं दूसरी बार नापा ने एक कमान निकलवाकर खींचकर चढाई और तोड़ डाली। नर्बद ने कहा भाई तोडी क्यो?

नापा बोला धरती का हासल आवे उसमें से आधा मागू, कल थैली आइ थी उसमें से मुझे क्यों न दिया ? नरद ने आधे रुपये दे दिये । वह पाली के सोनगिरों का भाना और नापा सोनगिरों का जमाई था । एक दिन नरद ने अपने मामा से पूछा "मामाजी, तुमको मैं प्यारा या नापा ? "कहा-मेरे तो तुम दोनों ही बराबर हो, परन्तु विशेष प्यारा तू है, क्योंकि तेरे पास रहते हैं । नरद ने कहा कि जो ऐसा है तो नापा को विष दे दो । मामा ने कहा "भाई मुझ से ऐसा नहीं हो सकता" । नरद ने एक दासी को लोभ देकर मिलाया और नापा को विष दिलवाया जिससे वह मर गया । अब रणधीर ने अपने आदमी भेज कामदार मुतसद्दियों से पुछवाया कि यह सेना किस काम के लिए इकट्ठी की जाती है परन्तु उन्होंने यही उत्तर दिया कि 'हम नहीं जानते ।" वे आदमी आकर दयाल मोदी की दूकान पर बैठ गये । नरद इस दयाल से सलाह किया करता था, जब बालक था तब से रणधीर ने उसकी पालना की थी । रणधीर के मनुष्यों ने मोदी से सामान लिया । उसने और तो सब चीजें दे दीं, परन्तु घृत न दिया । जब उन्होंने घी मागा तो उत्तर दिया कि "काले के पीला है ।" और फिर घृत दिया । रणधीर के मनुष्यों ने पीछे आकर कहा-राना, यह पता नहीं लगता कि कटक किस पर तैयार हो रहा है । उसने पूछा-दयाल मोदी ने तुमको कुछ कहा ? उत्तर-और तो कुछ भी नहीं कहा, परन्तु घृत देते समय यह शब्द कहे थे कि "काले के पील बहुत है ।" रणधीर बोला-दयालिया और क्या कहता, काला मैं और पीला मेरा सुवर्ण सो यह कटक मेरे ही पर है । तब उसने भी सेना सजी, फिर आप राणा के पास गया । राणा ने पूछा-"रामाजी, कैसे आये ?" रणमल ने भी उत्तर दिया कि तुम्हें मंडोवर देने के लिए आए हैं राणा ने सहायता देनी कही । ये राणा को लेकर सत्ता पर चढ़े । सत्ता ने अपने पुत्र नरद से कहा कि तू भी नागोरी खान को ले आ । नरद कोस तीनेक तो गया, परन्तु जब ताप पड़ी तो पीछा फिर आया और छिपकर माता-पिता की बातचीत सुनने लगा । सत्ता (अपनी स्त्री सोनगिरी से कहता है-"सोनगिरी ! नरद जानता है कि मेरा पिता कपूत है जो रणधीर को आधा भाग देता है, परन्तु रणधीर के बिना मंडोवर रह नहीं सकता । अब नरद नागोरी खान को लेने गया है सो खान आने का नहीं, क्यों कि वह रणमल के हाथ देख चुका है । यह भी अच्छा हुआ, मैं लड मरूंगा ।" (पिता के ऐसे वचन सुनकर) नरद बोल उठा-"मुझे नागोरी खान के पास किसलिए भेजा, मैं भी युद्ध करूंगा और काम आऊंगा ।" सत्ता बोला-"मैं भी यही कहता था ।" नरद ने नक्कारा बजवाया, युद्ध किया और खेत पड़ा । इतने रजपूत उसके साथ मारे गये-ईदा चोहथ, ईदा भीया आदि ।

नरद निपट घायल हुआ था और उसकी एक आंख फूट गई थी । राणाजी उसको उठवाकर अपने साथ ले गये और रणमल को राणा ने मंडोवर की गद्दी पर बिठाकर टीका किया । सत्ता भी राणा के पास आ रहा और वहीं उसका देहांत हुआ ।

(दूसरे स्थान में ऐसा भी लिखा है)--"जब राव चूण्डा मारा गया तो राजतिलक रणमल को देते थे, इतने में रणधीर चूण्डावत दर्बार में आया। सत्ता चूण्डावत वहां बैठा हुआ था, उसको रणधीर ने कहा कि सत्ता! कुछ देवे तो तुझे गद्दी दिला दूं।" सत्ता बोला कि "टीका रणमल का है।" रणधीर ने अपने वचन की सत्यता के लिए शपथ खाई, तब सत्ता ने कहा कि आधा राज तुझे दूंगा। रणधीर तुरन्त घोड़े से उतर पड़ा और सत्ता के ललाट पर तिलक कर दिया। रणमल को कहा कि कुछ पट्टा ले लो, वह उसने मंजूर न किया और राणा मोकल के पास गया। राणा ने सहायता की, सत्ता भी सम्मुख हुआ और रणधीर राणा नागोरी खान को लाया। सीमा पर लड़ाई हुई, रणमल तो खान के मुकाबले को गया और रणधीर ने बसना के राणाजी से युद्ध किया। राणाजी हार खाकर भागे, परन्तु खान को रणमल ने भगा दिया। सत्ता व रणमल दोनों के साथियों ने जय ध्वनि की, रणमल अपने दोनों भाईयों से मिला, बातचीत की, पीछा मोकल जी के पास चला गया। सत्ता गद्दी बैठा और राज करने लगा। कालांतर में सत्ता व रणधीर के पुत्र हुए, सत्ता के पुत्र का नाम नर्बद और रणधीर के पुत्र का नाम नापा था।

रणमल नित गोठें करता था इसलिए सोनगिरों के भले आदमी देखने को आये थे। उन्होंने पीछे नाडौल जाकर कहा कि राठौड़ काम का नहीं है, वह तुम से न चूकेगा, तुमको मारेगा, इसलिए तुमको उचित है कि अपने यहां इसका विवाह करदो। तब लाला सोनगिरा की बेटी का विवाह उसके साथ कर दिया। फिर भी सोनगिरों ने देखा कि यह आदमी अच्छा नहीं है, तब उन्होंने रणमल पर चूक करना विचारा। एक दिन रणमल सोया हुआ था तब लाला सोनगिरे ने आकर अपनी स्त्री से कहा कि "रामी बाई रांड हो जायगी?" स्त्री बोली "भले ही हो जावे, यदि एक लड़की मर गई तो क्या।" ठकुराणी ने अपने पति को मद्य का प्याला पिलाकर सुलाया और बेटी से कहा कि रणमल से चूक है, उसको निकाल दे! रामी ने आकर पति को सूचना दी कि भागो! चूक है। घातक उसे मारने को आये, परन्तु वह पहले ही निकल गया और घर जाकर सोनगिरों से शत्रुता चलाई, परन्तु वे वार पर न चढते थे। उनका नियम था कि सोमवार के दिन आशापुरी के देहरे जाकर गोठ करते, अमल वारुणी लेते और मस्त हो जाते थे। एक दिन जब वे खा पीकर मस्त पड़े हुए थे तो अचानक रणमल उन पर चढ़ आया और उसने सबको मार कर अखावे के कुंए में डाल दिया। ऊपर सगे साले को डाला। कहा, मैंने सासूजी से वचन धारा है। उनका इलाका लिया, राणा मोकल से मिलने के वास्ते गया और वहीं रहने लगा। तब चाचा सीसोदिया और महपा पवार ने मोकल को मारा तब रणमल को उस चूक का भेद मालूम हो गया था, परन्तु राणा को कुछ खबर न हुई। एक दिन महपा और चाचा मलेसी डोडिये के घर गये जो राणा का खवास था। रणमल ने अपने जासूस साथ लगा दिये थे कि देखें ये क्या बातें करते हैं। चाचा महपा ने मलेसी को अपने में मिलाने का बहुत प्रयत्न किया, परन्तु वह न मिला। जासूस ने जाकर सारा वृतांत रणमल से कहा और उसने राणा को सुनाया, परन्तु मोकल ने इस पर विश्वास न किया। रणमल मंडोवर गया और

पीछे से राणा पर चूक हुआ। उसने अचलदास खीची की मदद के वास्ते गढ से नीचे आकर डेरा किया था तब महपा ने चाचा को कहा कि आज अच्छा अवसर है, फिर हाथ आने का नही, तब चाचा मेरा और महपा बहुत सा साथ लेकर आये। राणाजी ने कहा कि "ये खातणवाले आते हैं सो अच्छा नही है। जो गेहूँ में न आने चाहिये, यह मदाना के विरुद्ध है।" उस वक्त मलेसी डोडिया ने अर्ज की कि आपको रात रणमल ने चिताया था कि ये आपसे चूक करना चाहते हैं। राणा बोला कि ये हरामखोर अभी क्यों आये? मलेसी ने अब की कि दीवाण! पहले तो मैंने न कहा, परन्तु अब तो आप देखते ही हैं। (चाचा मेरा आन पहुँचे) घोर संग्राम हुआ, नौ आदमियों को राणा ने मारा और पाच को हाडी राणी ने यमलोक में पहुँचाया, पाच का काम मलेसी ने तमाम किया, अन्त में राणा मारा गया। चाचा व महपा के भी हलके से घाव लगे, कुंवर कुंभा बचकर निकल गया। ये उसके पीछे लगे, कुंभा पटेल के घर पहुँचा। पटेल के दो घोडियां थी। उसने कहा कि एक घोड़ी पर चढकर चले जाओ और दूसरी को काट डालो, नही तो वे लोग ऐसा समझेंगे कि इसने घोडी पर चढाकर निकाल दिया है। कुंभा ने वैसा ही किया। जो लोग खोजने आये थे वे पीछे फिर गये। मोकल को मारकर चाचा तो राणा बना और महपा प्रधान हुआ। कुंभा आफत का मारा फिरता रहा। जब यह समाचार रणमल को लगे तो वह सेना साथ लेकर आया, चाचा से युद्ध हुआ और वह भाग कर पई के पहाड़ों पर चढ गया। रणमल ने कुंभा को पाट बैठाया और आप उन पहाडों में गया बहुत दौड़ धूप की, परन्तु कुछ दाल न गली, क्योंकि बीच में एक भील रहता था, जिसके बाप को रणमल ने मारा था। वह भील चाचा व महपा का सहायक बना। एक दिन रणमल अकेला घोडे पर सवार उस भील के घर जा निकला। भील घर में नहीं थे, उनकी मा वहां बैठी थी। उसको बहन कहके पुकारा और बढकर उससे बातें करने लगा। भीलनी बोली कि वीर! तैंने बहुत बुरा किया, परन्तु तुम मेरे घर आ गये अब क्या कर सकती हूँ। अच्छा अब घर में जाकर सो रहो। रात न वैसा ही किया। थोडी देर पीछे वे पाचों भाइ भील आये उनकी मा ने उनसे पूछा कि बेटा! अभी रणमल यहां आवे तो तुम क्या करो? कहा, करें क्या, मारें, परन्तु बडे बेटे ने कहा—"मा! जो घर पर आवे तो रणमल को न मारें।" मा ने कहा—शाबाश बेटा! घर पर आये हुए तो वैरी को भी मारना उचित नही।" रणमल को पुकारा कि वीर बाहर आ जावो। वह आकर भीलों से मिला। उन्होंने उसकी बडी सेवा मनुहार की और पूछा कि तुम मरने के लिए यहां कैसे आये? कहा कि मानजो! मैंने प्रतिज्ञा की है कि चचा को मारूं तब अन्न खाऊं परन्तु करूं क्या तुम्हारे आगे कुछ बस नहीं चलता है। भीलों ने कहा, अब हम तुमको कुछ भी हजा न पहुंचावेंगे। फिर रणमल अपने योद्धाओं को लेकर पहाड तले आया, भीलों ने कहा कि पहाड के मार्ग में एक सिंहनी रहती है सो मनुष्य को देख कर गर्जना करेगी। रणमल तो पगडंडी चढता हुआ सिंहनी के समीप जा पहुचा, वह गर्ज उठी, तुरन्त अडवाल (अडकमल) ने तलवार खींची उस पर वार किया और वहीं काट कर उसके दो टुकडे कर दिये। सिंहनी का शब्द सुनकर ऊपर रहने वालों ने कहा कि सावधान! परन्तु वह एक ही बार बोलने पाइ थी इसलिए

उन्होंने सोचा कि किसी पशु को देखकर बोली होगी। इतने में तो रणमल घोड़े को नीचे छोड़ कर पहाड़ पर चढ़ गया और दर्वाजे पर जाकर बर्छा मारा। भीतर जो मनुष्य थे, चौंक पड़े और कहा, रणमल आया। चाचा मेरा से लड़ाई हुई, सीसोदियों को मार कर पांवों तले पटका चाचा मारा गया और महपा स्त्री के कपडे पहन कर पहाड़ के नीचे कूद भाग गया। रणमल ने चाचा की बेटी के साथ विवाह किया, मनुष्यों के घड़ों के बाजोट और बर्छियों की चंवरी बना कर वहां सीसोदियों की कई कन्याएं रणमल ने अपने भाइयों को विवाह दी और पीछा लौटा।

महपा भाग कर माडू के बादशाह की शरण गया। जब यह खबर राणाजी को हुई तब उन्होंने बादशाह पर दबाव डाल कर कहलाया कि हमारे चोर को भेज दो। बादशाह ने महपा को कह दिया कि अब हम तुमको नहीं रख सकते हैं। महपा ने उत्तर दिया कि मुझको कैद करके शत्रु को मत सौंपिए और आप घोड़े सवार हो गढ़ के द्वार पर आ घोड़े समेत नीचे कूद पड़ा। घोड़ा तो पृथ्वी पर पडते ही मर गया और महपा भाग कर गुजरात के बादशाह के पास पहुँचा। जब उसने वहा भी बचाव की कोई सूरत न देखी तो चित्तौड़ ही की तरफ चला। वहां राज्य तो राणाजी करते थे, परन्तु राज का सब काम रणमल के हाथ में था। महपा रात्रि के समय लकड़ियों का भार सिर पर धर कर नगर में पैठा। उसकी एक स्त्री अपने पुत्र सहित वहां रहती थी, जिसको उसने दुहागन कर रक्खा था। उसके घर आया, पत्नी ने अपने पति को पहचान कर भीतर लिया। अब वह घर में बैठा रहे और सूत के मोहरे व रस्से बनावे। एक दिन एक मोहरी अपने पुत्र को देकर कहा कि जाकर दीवाण के नजर करदे और जो दीवाण कुछ प्रश्न करें तो अर्ज करना कि महपा हाजिर है। बेटे ने हजूर में जाकर मोहरी नजर की और दीवाण ने पूछा तो अर्ज कर दी कि महपा हाजिर है। राणा ने उसे बुलाया। उसने अर्ज की कि मेवाड़ की धरती राठोड़ों ने ली। यह बात सुनते ही दीवाण के मन में यह भय उत्पन्न हो गया कि ऐसा न हो कि रणमल मुझे मार कर राज लेले। राणा ने सेना एकत्रित की और वे रणमल को चूक से मार डालने का विचार करने लगे। रणमल के डोम ने किसी प्रकार वह भेद पा लिया और राव से कहा कि दीवाण आप पर चूक करना चाहते हैं, परन्तु राव को उसकी बात का विश्वास न आया तो भी अपने सब पुत्रों को वह तलहटी ही में रखने लगा। (अवसर पाकर) एक दिन चूक हुआ। २५ गज पछेवड़ी राव के पलग से लपेट दी, जिसपर राव सोया हुआ था। सत्रह मनुष्य राव को मारने के लिये आये, जिनमें से १६ को तो राव ने मार डाला। और महपा भाग कर बच गया। रणमल भी मारा गया। यहां रणधीर चूण्डावत, सत्ता भाटी लूणकरणोत, रणधीर, सुरध्वत और दूसरे भी कई काम आये। (रणमल के पुत्र) जोधा, सीहा, नापा तलहटी में थे भाग निकले। उनके पकड़ने को फौज भेजी गई, जिसने आडावला (अर्वली) पहाड के पास उन्हे जा लिया और वहां युद्ध हुआ, जहा चरड़ा, चादराय, अरडकमलोत, पृथ्वीराज, तेजसिंह आदि और भी राठौडों के सर्दार मारे गये परन्तु जोधा कुशलतापूर्वक मडोवर पहुँच गया।

नर्बद सतावत ने राणाजी को आंख दी जिसकी बात—जब राणा मोकल और राव रणमल मंडोवर पर चढ़ आये (मत्ता के पुत्र) नर्बद ने युद्ध किया और घायल हुआ। उस वक्त उसकी बाईं आंख पर तलवार लगी, जिससे वह आंख फूट गई। राणा नर्बद को उठा कर अपने साथ लाया, घाव बंधवाये और मरहमपट्टी कराये उसको चंगा किया। लाख रुपये की वार्षिक आय का कायलाणे का ठिकाना उसे जागीर में दिया। राणा मोकल चाचा मेरा के हाथ से मारा गया और राणा कुंभा पाट बैठा, उसने राव रणमल को चूक कर मरवाया। नर्बद तब भी दीवाण ही के पास रहता था। एक दिन दीवाण दरबार में बैठे थे तब किसी ने कहा कि "आज नर्बद जैसा राजपूत दूसरा नहीं है" राणा ने पूछा कि उसमें क्या गुण है जो इतनी प्रशंसा की जाती है? उत्तर दिया कि दीवाण उससे कोई भी चीज मांगी जावे वह तुरन्त दे देता है। राणा ने कहा हम उससे एक चीज मांगते हैं, क्या वह देगा? अर्ज हुई कि देगा। नर्बद उस दिन मुजरे को ही नहीं आया था। दीवाण ने अपने एक खवास को उसके पास भेज कहलाया कि "दीवाण ने तुमसे आंख मांगी है।" नर्बद बोला– दूंगा। खवास की नजर बचा पास ही भलका पड़ा हुआ था, जिससे आंख निकाल रूमाल में लपेट उसके हवाले की। यह देख खवास का रंग फक हो गया क्योंकि दीवाण ने खवास को पहले समझा दिया था कि यदि नर्बद तेरे कहने पर आंख निकालने लगे तो निकालने मत देना, परन्तु नर्बद ने तो आंख निकाल हाथ में दे दी। खवास ने वह रूमाल दीवाण के नजर किया और दीवाण ने आंख देखकर बहुत ही पश्चात्ताप किया। आप नर्बद के डेरे पधारे, उसको बहुत आश्वासन देकर उसकी जागीर ड्योढ़ी करदी।

———

मुहणोत नैणसी की ख्यात भाग १ अनुवादक श्री राम नारायण दूगड़, काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित

सम्पादकीय टिप्पणी

मुहणोत नेणसी ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ "मुहणोतनेणसीरी ख्यात" मे राजस्थान के इतिहास पर विस्तार से लिखा है। मूल ग्रन्थ राजस्थानी भाषा में है जिनका प्रकाशन "राजस्थान पुरातन ग्रन्थ माला" मे किया जा रहा है। इस ख्यात का हिन्दी रुपान्तर नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित हो चुका है।

"वीरवांण" सम्बन्धी कई घटनाओ के विषय मे भी मुहणोत नेणसी ने अपनी ख्यात मे लिखा है। मुहणोत नेणसी के वक्तव्य से काव्य के ऐतिहासिक पक्ष को समझने मे बहुत सहायता मिलती है। साथ ही वीरमजी, गोगाजी आदि काव्यगत चरित्रो के सम्बन्ध में कई नवीन सूचनायें प्राप्त होती हैं। इसलिये मुहणोत नेणसीरी ख्यात के सम्बन्धित अंशो को यहां प्रकाशित किया गया है।

परिशिष्ट ५

शब्दार्थ

अगा = सौंपकर।
अखदा = कहा।
अछरा = अप्सराएँ।
अछुरती = अतृप्त।
अणचिंत्या = अचानक।
अणी = फौज।
अपती = अविश्वसनीय।
अबगी = दुख के समय।
अबीह = निडर।
अरक = सूर्य।
अरिगज माग उठाय = शत्रु को नष्ट करने वाली तलवार उठाकर।
अवलिया = औलिया।
अस = अश्व।
असमर = तलवार।
असवार = घोड़ा का चीरा हुआ भाग।
अहराव = सर्पों का राजा।
अहि = सर्प।
आयात=गर्वित।
आरांण = युद्ध।
आयस = आशा।
आमर = व्यामिर।
आफू=अफीम।
आपो = देवो।
आपाणी = पुरुषार्थी।
आदू = आरम्भ से।
आनोखा = जिसको जक (चैन) ही न पड़े।
इल = पृथ्वी।
इख = देखकर।
उकती=समझ।
उजीर = वजीर।
उथपे = हटाना।
उपाध = बखेड़ा।
उमिया = उमा।
ऊधी = उलटी।
उनागी = नंगी तलवार।
उललिये गड्डे = गाड़ी उलटने पर।
उरस = आकाश।
ऊरिया = घोड़े से हमला करना।
ऐराकियां = घोड़े।
ओहां = तरह।
ओघ = खानदान।
ओलागैला = आसपास

ओसके = पांव पीछे हटा दिये ।
कथ = बात ।
कमीणा = विवाह में नेग लेने वाले व्यक्ति जैसे नाई, कुम्हार, बढ़ई आदि ।
कमधा = राठौड़ जाति के राजपूत ।
करग = हाथ ।
करलाया = क्रन्दन किया ।
कर तेगा नंगा = नंगी तलवारे हाथ में लेकर ।
कलह = युद्ध ।
कव = कवि ।
काण = मर्यादा ।
कामेती = कर्मचारी ।
किरमिर = तलवार ।
किरणाला = तेजस्वी ।
किलमा = मुसलमान ।
कूक – फरियाद, शोर ।
कूक कराणी = पुकार की ।
कूकाऊ = पुकारू ।
कूड़ = झूठ ।
केकाण = घोड़ा ।
केवांण = तलवार ।
केवि = कई ।
कोड़ीधर = करोड़ो के मूल्य वाले ।
खगवाढ़ खिराणी = तलवारो की धारे खिर गई ।
खड़िया = चला
खथ्थे = तेजी से
खल = शत्रु ।
खांगां खलकाया = तलवारो से काट डाले ।
खाचा ताणा = खीच तान कर ।
खाजरू = बकरे ।
खापां = तलवार ।
खाफर = काफिर ।
खाम द = खाविंद ।
खिम खून = कितने ही ।
खिताई = अपराधों को क्षमा किया ।
खिमंड़े = सहन करेगे ।
खूनियो = अपराधियो ।
खूर चलाया = घोड़े बढ़ाये ।
खेचर = आकाश पर विचरने वाले ।
खेग = घोड़ा ।
खेंगा = घोड़े
खोज = चिन्ह ।
खोलड़ = झोपड़ी ।
ग्रभ = गर्व ।
गल = बात
गवराये = गीतो मे गाये गये ।
गह में भरियोड़ा = घमंड में भरा हुआ ।
गायणिया = गाने वाली स्त्रिया ।
गिलणकूं = गिरने को ।
गुणियण = गुनी जन ।
गैरिया = होलीपर डंडो से खेलने वाला ।
गैण = गयण, आकाश ।
गैब = अदृष्य ।
घड़ा = सेना ।
घमोड़ी = जोर से मारी ।
घोरां घलवाया = कब्रो में सुलादिया ।
चखलल्ले = लाल आखे ।
चवे = कहना ।
चिगायो = बहकाया ।
चित्त विटालिया = बुद्धि बिगड़ गई ।
चूक = धोखे से मारना ।
चोहटां = बजार ।
चचल = घोड़ा ।
छानै = छिपकर ।

छिवता – स्पश करते हुए।
छोरू – बच्चे ।
ज्याग – यज्ञ।
जरदा – पच सकेगा ।
जरा – तब।
जळ चाढा – आब चढायें।
जहुवार – जुहार, मुजरा
जाव – जवाब।
जारिया – सहन किया।
जीए करे – जीन कसना।
जेज – देर।
जेवडा – रस्से।
टोळा – ऊँटों का भुण्ड।
टिल्ला – धक्का।
ठाला – बेकार।
ठहके – ठहर जाना।
डबर – बादल।
डाणी – कर वसूल करने वाला ग्रहलकार।
डूमडा – ढोली।
डोकर – बुढिया।
डोफा – बेवकूफ।
डोळी – डोली जिसमे घायलो को उठाया जाता है।
तरवारी – तलवार।
तवाई – ग्रापत्ति की जाच।
तागा – मरने को तैयार होना।
ताजए – घोडा।
तेरू – तराक ।
तरे तुगा – फाजो का समुह।
तिरसा – प्यास।
तोरार – घाटा ।
थट – समूह।
थर्प – स्थापित करना।
थान – स्थान।
दाटिया – रोका।
दाठे – राकता है ।
दिन घोळे – दिन दहाडे।
दिहाडा – दिन ।
दुभाल – योद्धा ।
दुथरणी – दो स्तनो वाली से उत्पन्न मनुष्य मात्र ।
दोयए – शत्रु।
धकचाळा – युद्ध ।
धज – ध्वज।
धन – गौधन ।
धरिणयाप – स्वामीत्व ।
धाह – आतक।
धारू – एक प्रसिद्ध भक्त।
धीब – झडी।
धू – मस्तक।
धूड – धूलि।
धूप – खाडा।
धूसबा – ध्वस करने को।
धूम – रए के नक्कारे।
धेख – वैर।
धोवा – अजलि भरकर ।
धोम – क्रोधित।
नखतेत – अच्छे नक्षत्रो वाला ।
नगारे ववापड – नक्कारे पर चोब पडी।
नाठा – भगे ।
नालेर – नारियल।
नाळिया – बन्दूकें।
नेजा – भाला।
नेम – नियम।
पख – पक्ष।
पखराळा – पाखर से युक्त।
पडप्पए – चूता ।
पडै – चित्र।
पण – प्रतिना।
पमग – घोडा।
परदला – कमर मे बाधने का पट्टा जिसमे तलवार रहती है।

परत – विलकुल ।
पल – मांस ।
पलचर – मांस भक्षी ।
पलाणी – घोड़ो पर जीन कसे ।
पाखती – पार्श्व ।
पाखर – घोड़े के लोह के कवच ।
पाणा – हाथ ।
पाडव – चरवादार ।
पाडिया – मारे ।
पाणी राळियो – आंसू बहाये ।
पालवा – मना करने को ।
पाळा – पैदल ।
पालिया – मना किया ।
पिंड – शरीर ।
पेटो – भेद ।
पोहर – एक पहर ।
पोहता – पहुँचे ।
पोह – उषा काल ।
पखणिगा – मांसाहारी पक्षी ।
पंखराव – गरूड़ ।
पंचौल – पचायत ।
फणधर – शेषनाग ।
फरहास – एक प्रकार का वृक्ष ।
फाचरा – लकड़ी के टुकडे ।
वगतर कुठां वीड़िया – वख्तर की कडियां कसकर ।
वकारे – ललकारना ।
वटका – टुकड़े ।
वड़नाळ – एक प्रकार की वन्दूक ।
वडाला – वड़ाई युक्त ।
वक्के – कहते हैं ।
वधाया – स्वागत किया ।
वपसक वडाळा – जिससे वडे-वड़े भी भयभीत हो जावें ।
स – वर्ष ।
वाकर – वकरे ।
वामण – ब्राह्मण आदि ।
वारठ – वारहठ, चारण ।
वारा – समय ।
वागी भाट – जोर से तलवारें चली ।
वाहर – छोटी फौज ।
वीजळ – तलवार ।
वीजाई – दूसरा ।
विरदा रुख वाळा – यश के रक्षक ।
वूडसी – डूव जायगा ।
वेली – साथी ।
भथ्थे – तूणीर ।
भाण – सूर्य्य ।
भाजिया – भग गये ।
भारात – युद्ध ।
भाळवा – देखने को ।
भिड़ज – घोडा ।
भुजपांण – भुजवल ।
भूंड – वदनामी ।
भूतावळ – भूतो मे ।
म – मत ।
मन वेठियो – मन रखा ।
मलफाणी – शेर की उछल ।
महल – स्त्री ।
मागे खासां – मांगकर खायेंगे ।
माणस – मनुष्य ।
मिणधारी – मणिधारी ।
मियानां – म्यानो से ।
मुंजावर – मजाफर ।
मुझ हदा – मेरा ।
मुसकण – मुश्की घोड़ा ।
मोकलूं – भेजूं ।
मगरै – मेला ।
मंडलीक – वडा राज ।
रकेवां – रकाव ।
रणतूर – रण के वाजे ।
रत – रक्त ।

राइका – रैबारी जाति जो ऊंट चराती है।
राडधरा – मारवाड के गाव का नाम है।
रावत – बहादुर।
रोमा – शत्रु।
रूक – तलवार।
लाणत – लानत।
लिगार – बिलकुल।
लियो वडाय – कटा लिया।
लीह – लकीर।
लूण उजाळियो – नमक हलाली की।
लगर – योद्धा।
वनराव – सिंह।
वरमालता – विवाह करते समय।
वळ – खाद्य सामग्री।
वासख – वासुकि नाग।
वागा ढोलारी विगत – ढोल बजाने का वृत्तान्त।
वाळियो – वर लिया।
वास – सहायक।
विडगा – घोडे।
विमाह – विवाह।
विय्याह – विवाह।
वीटिया – घेर लिया।
वीराद वीराणी – वीरो मे भी उत्तम वीर।
वीहगेस – गरुड़।
वीहडै – मारना।
सखरी – अच्छे।
श्रग – स्वर्ग।
सतावी – जल्दी के।
सपतास – सूय का सपताश्व घोडा।
समसेर सभाई – तलवार उठाई।
समापो – देवो।
समीयाण – सज्जन।
सलखाणया – मलखेजी के पुत्र।
सल्ला – सलाह।
साकण – एक प्रकार की डाकिन।
साकुर – घोडा।
साख – फसल।
साखत – घोडे का साज।
साणी – तबेले का दरोगा।
सादूलो – शार्दूल।
साधिया – जोड दिये।
सावळ – भाला।
सामठा – बहुत।
सामेळ – स्वागत।
सायर – सागर।
सावत – योद्धा।
सिरगळ – श्रृगाल।
सिलगी – सुलगी।
सीचाण – बाज पक्षी।
सोण – श्रोणित।
सोबायत – सूबेदार।
सोहडा – योद्धा।
हणसी – मारेगा।
हेरू – तलास करने वाले।
है – हय, घोडा।
हैकण – एक।
हैवर – घोडा।
होकार – हूकार।
भ्रामर – नक्कारा।

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—पुरातत्त्वाचार्य मुनि श्री जिनविजयजी

प्रकाशित राजस्थानी और हिन्दी ग्रन्थ

१. कान्हड़दे प्रबन्ध, महाकवि पद्मनाभ रचित। सम्पादक—प्रो. के. बी. व्यास, एम ए। मूल्य १२.२५
२. क्यामखां रासा, कविवर जान रचित। सम्पादक—डॉ. दशरथ शर्मा और श्री अगरचन्द, भंवरलाल नाहटा। मूल्य ४.७५
३ लावारासा, चारण कविया गोपालदान विरचित। सम्पादक—श्री महतावचन्द खारैड़। मूल्य ३.७५
४. वाँकीदासरी ख्यात, कविवर वाँकीदास। सम्पादक—श्री नरोत्तमदास स्वामी, एम. ए.। मूल्य ५.५०
५. राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग १, सम्पादक—श्री नरोत्तमदास स्वामी, एम. ए.। मूल्य २.२५
६. जुगलविलास, महाराजा पृथ्वीसिंह कृत। सम्पादिका—श्रीमती रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत। मूल्य १.७५
७ कवीन्द्रकल्पलता, कवीन्द्राचार्य कृत। सम्पादिका—श्रीमती रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत: मूल्य २.००
८ भगतमाळ, ब्रह्मदासजी चारण कृत। सम्पादक—श्री उर्दैराज उज्ज्वल। मूल्य १ ७५
९. राजस्थान पुरातत्त्व मन्दिर के हस्तलिखित ग्रन्थो की सूची, भाग १। मूल्य ७.५०
१०. राजस्थान पुरातत्त्व मन्दिर के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, भाग २। मूल्य १२.००
११. मुंहता नैणसीरी ख्यात, भाग १ मुंहता नैणसी कृत। सम्पादक—श्री बदरीप्रसाद साकरिया। मूल्य ८.५०
१२. रघुवरजसप्रकाश, किसनाजी आढा कृत। सम्पादक—श्री सीताराम लाळस। मूल्य ८.२५
१३. राजस्थानी हस्तलिखित ग्रन्थ सूची, भाग १। मूल्य ४.५०
१४. वीरवांण, ढाढी बादर कृत। सम्पादिका—श्रीमती रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत। मूल्य ४.५०

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर।
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur.